दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 314 | जयपुर, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**कांग्रेस की दूसरी सूची जारी: 43 सीटों पर उतारे प्रत्याशी, ज्यादातर पुराने चेहरों पर जताया भरोसा**

# 15 मंत्रियों को टिकट, पायलट खेमे को भी दी गई तवज्जो



रफीक खान

## दोनों सूचियों में छह मुस्लिम चेहरे

कांग्रेस की पहली सूची में मुस्लिम चेहरे दानिश अबरार को जगह मिली, वहीं दूसरी सूची में 5 मुस्लिम चेहरे कांग्रेस ने मैदान में उतारे हैं। इनमें हाकम अली खान, अमीन कागजी, रफीक खान, जुबेर खान, नसीम अख्तर इंसाफ का नाम शामिल हैं।



अमीन कागजी

## 200 विधानसभा सीटों में से 76 पर प्रत्याशी घोषित

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कांग्रेस ने रविवार को 43 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में वर्तमान कांग्रेस सरकार के 15 मंत्रियों को फिर से मैदान में उतारा गया हैं। साथ ही, सियासी संकट के दौरान कांग्रेस पार्टी का साथ देने वाले 5 निर्दलीयों को पार्टी ने टिकट दे दिया है। कांग्रेस की दूसरी सूची में ज्यादातर पुराने चेहरों पर विश्वास जताते हुए 43 में से 33 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया गया है। वहीं, पायलट कैंप के माने जाने वाले विधायकों को भी टिकट दे एकजुटता का संदेश दिया है। इसे मिलाकर कांग्रेस अब तक 200 में से 76 पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अभी 124 बाकी है।

इन दो सूचियों में कुछ दिग्गजों के नाम नहीं आए हैं। सरकार में अहम माने जाने वाले मंत्रियों शांति धारीवाल और महेश जोशी का नाम अभी नहीं आया है, वहीं पुष्कर से टिकट मांग रहे आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ को टिकट नहीं दिया है।

### इन पांच निर्दलीयों को समर्थन का इनाम

कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में 5 निर्दलीयों को भी टिकट दिया है। इन ने 2018 में कांग्रेस से बागी होकर चुनाव जीते थे। इनमें सिरोही से संयम लोढ़ा, दूदू से बाबूलाल नागर, बस्सी से लक्ष्मण मीणा, महुवा से ओमप्रकाश हुड़ला और मारवाड़ जंक्शन से खुशवीर सिंह जोजावर शामिल हैं। इन्होंने प्रलोभन दरकिनार कर कांग्रेस का सियासी संकट से उभारने में महत्ती भूमिका निभाई थी।

## 43 प्रत्याशियों में 15 मंत्री



परसादी लाल मीणा लालसोट

बुलाकी दास कल्ला बीकानेर वेस्ट

शकुंतला रावत बानसूर

प्रताप सिंह खाचरियावास सिविल लाइन्स (जयपुर)

विश्वेन्द्र सिंह डीग-कुम्हेर

प्रमोद जैन भाया अंता विधानसभा सीट



बिजेन्द्र सिंह ओला झुंझुनूं | रामलाल जाट मंडल | सुखराम विश्नोई सांचौर

उदयलाल आंजना निंबाहेड़ा | राजेन्द्र सिंह यादव कोटपूतली | गोविंद राम मेघवाल खाजूवाला

भजन लाल जाटव वैर | मुरारी लाल मीणा दौसा | अर्जुन सिंह बामनिया बांसवाड़ा

## कांग्रेस की दूसरी सूची में शामिल सीटवार नाम

1. सादुलशहर- जगदीश चंद्र जांगिड़
2. करणपुर- गुरमीत सिंह कुन्नर
3. सूरतगढ़- डूंगरराम गेदर
4. हनुमानगढ़- विनोद कुमार चौधरी
5. खाजूवाला- गोविंद राम मेघवाल
6. बीकानेर पश्चिम- बीडी कल्ला
7. नोखा- सुशीला डूडी
8. सरदारशहर- अनिल शर्मा
9. झुंझुनूं- बृजेंद्र ओला
10. नवलगढ़- डॉ. राजकुमार शर्मा
11. फतेहपुर- हाकम अली खान
12. नीमकाथाना- सुरेश मोदी
13. कोटपूतली- राजेंद्र यादव
14. दूदू- बाबूलाल नागर
5. सिविल लाइंस- प्रताप सिंह खाचरियावास
16. किशनपोल- अमीन कागजी
17. आदर्शनगर- रफीक खान
18. बस्सी- लक्ष्मण मीणा
19. बानसूर- शकुंतला रावत
20. रामगढ़- जुबेर खान
21. डीग-कुम्हेर- विश्वेंद्र सिंह
22. वैर- भजनलाल जाटव
23. राजखेड़ा- रोहित बोहरा
34. महुवा- ओमप्रकाश हुड़ला
25. दौसा- मुरारी लाल मीणा
26. लालसोट- परसादी लाल मीणा
27. खंडार- अशोक बैरवा
28. पुष्कर- नसीम अख्तर इंसाफ
29. केकड़ी- डॉ. रघु शर्मा
30. नावां- महेंद्र चौधरी
31. सोजत- निरंजन आर्य
32. मारवाड़ जंक्शन- खुशवीर सिंह
33. बाड़मेर- मेवाराम जैन
34. सांचौर- सुखराम बिश्नोई
35. सिरोही- संयम लोढ़ा
36. खेरवाड़ा - दयाराम परमार
37. मावली- पुष्कर लाल डांगी
38. सलूंबर- रघुवीर सिंह मीणा
39. घाटोल- नानालाल निनामा
40. बांसवाड़ा- अर्जुन सिंह बामनिया
41. निंबाहेड़ा- उदयलाल आंजना
42. मांडल- रामलाल जाट
43. अंता- प्रमोद जैन भाया

## इस सूची के हिसाब से कौन-कहां आमने-सामने

| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 1.बीकानेर (प.) | जेठानंद व्यास | बीडी कल्ला |
| 2. नोखा | बिहारी लाल बिश्नोई | सुशीला डूडी |
| 3 .झुंझुनूं | बबलू चौधरी | बृजेंद्र ओला |
| 4. नवलगढ़ | विक्रम सिंह जाखल | राजकुमार शर्मा |
| 5. फतेहपुर | श्रवण चौधरी | हाकम अली खान |
| 6. नीमकाथाना | प्रेम सिंह बाजोर | सुरेश मोदी |
| 7. कोटपूतली | हंसराज पटेल गुर्जर | राजेंद्र यादव |
| 8. दूदू | डॉ. प्रेमचंद बैरवा | बाबूलाल नागर |
| 9. बस्सी | चंद्रमोहन मीणा | लक्ष्मण मीणा |
| 10. बानसूर | देवी सिंह शेखावत | शकुंतला रावत |
| 11. डीग कुम्हेर | डॉ. शैलेश सिंह | विश्वेन्द्र सिंह |
| 12. वैर | बहादुर सिंह कोली | भजनलाल जाटव |
| 13. लालसोट | रामबिलास मीणा | परसादी लाल मीणा |
| 14. खंडार | जितेंद्र गोठवाल | अशोक बैरवा |
| 15. पुष्कर | सुरेश सिंह रावत | नसीम अख्तर |
| 16. केकड़ी | शत्रुघ्न गौतम | डॉ. रघु शर्मा |
| 17. नावां | विजय सिंह चौधरी | महेंद्र चौधरी |
| 18. सोजत | शोभा चौहान | निरंजन आर्य |
| 19. सांचौर | देवजी पटेल | सुखराम बिश्नोई |
| 20. सिरोही | ओटाराम देवासी | संयम लोढ़ा |
| 21. खेरवाड़ा | नानालाल आहरी | दयाराम परमार |
| 22. सलूंबर | अमृतलाल मीणा | रघुवीर मीणा |
| 23. घाटोल | मानशंकर निनामा | नानालाल निनामा |
| 24. निंबाहेड़ा | श्रीचंद कृपलानी | उदयलाल आंजना |
| 25. मांडल | उदयलाल भड़ाना | रामलाल जाट |

### पायलट खेमे को तीन टिकट

सीएम अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार में बगावत के आरोप झेलने वाले सचिन पायलट खेमे को भी अहमियत मिली है। पहली सूची की तर्ज पर दूसरी सूची में भी इस खेमे के विश्वेंद्र सिंह, रोहित बोहरा और मुरारी लाल मीणा को मैदान में उतारा है।

### रामेश्वर डूडी की पत्नी को टिकट

दूसरी सूची में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष रहे रामेश्वर डूडी की पत्नी सुनीता डूडी को भी नोखा से टिकट दिया गया है।

**महिलाओं को ज्यादा टिकट:** कांग्रेस अब तक 200 विधानसभा सीटों में से 76 पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। दूसरी सूची में सुशीला डूडी, शकुंतला रावत और नसीम अख्तर इंसाफ को टिकट देकर कांग्रेस कुल 12 महिला प्रत्याशी मैदान में उतार चुकी है। वहीं, भाजपा की दो सूचियों में अब तक 124 में से 14 महिला प्रत्याशी हैं।

**पूर्व मुख्य सचिव को टिकट:** पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य को सोजत सीट से मैदान में उतारा गया है। आर्य सहित दो नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। इस सूची में निरंजन आर्य और नोखा से रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी नए चेहरे हैं।

**विराट (95) और रोहित (46) की पारियों के सामने न्यूजीलैंड का स्कोर लगा सहज**

# शमी के तूफान में उड़े कीवी

**मैन ऑफ द मैच शमी ने लिए 54 पर 5 विकेट**



**एजेंसी** | धर्मशाला

भारत ने मोहम्मद शमी (54/5) की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (95), रोहित (46) और आखिरी समय में रविंद्र जडेजा की जबरदस्त बैटिंग के दम पर न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा कीवियों के खिलाफ विश्व कप में साल 2003 के बाद से जीत के पड़ा सूखा भी मिटा दिया दिया।

टॉस हारकर न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के शतक के दम पर 273 रनों का स्कोर खड़ा किया था। टीम इंडिया ने छह विकेट खोकर 274 का लक्ष्य हासिल कर लिया।

**सबसे तेज दो हजारी बैटर बने गिल:** गिल ने 38 पारी में सबसे तेज 2000 वनडे रन बना लिए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला को पीछे छोड़ दिया। वहीं, **रोहित शर्मा** न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 छक्के की मदद से वनडे वर्ल्ड कप में **38 छक्के** लगा गेल (49 छक्के) के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

**भाजपा की दूसरी और कांग्रेस की पहली सूची से उभरा कई जगह विरोध**

# राजसमंद में भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ कई जगह कांग्रेस के टिकटों पर भी बवाल

**■ इधर, BJP प्रदेशाध्यक्ष के घर पर पथराव, उधर, विप्र बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा का इस्तीफा**



@ भाजपा कार्यालय, जयपुर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की दूसरी लिस्ट और कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद से ही एक बार फिर दोनों ही पार्टियों में टिकट कटने से नाराज दावेदारों के समर्थकों का हंगामा शुरू हो गया है। भाजपा में जयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अलवर, बूंदी और उदयपुर में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, राजसमंद में भाजपा कार्यालय के बाहर तोड़फोड़ की तो चित्तौड़गढ़ में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के घर पर पथराव तक कर दिया। इसी तरह कांग्रेस की पहली सूची के बाद भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया हैं। जयपुर के मालवीय नगर से कांग्रेस प्रत्याशी अर्चना शर्मा के विरोध में विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सवाई माधोपुर से दानिश अबरार को टिकट दिए जाने का विरोध कर रहे हैं।

### भाजपा में इनका विरोध

राजसमंद से दीप्ति माहेश्वरी के विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए। आक्रोशित कार्यकर्ता उन्हें बाहरी उम्मीदवार बता रहे हैं। इन कार्यकर्ताओं ने कांकरोली रोड पर भाजपा कार्यालय में घुस कर तोड़ फोड़ कर चुनाव सामग्री फाड़ दी। वहीं, चित्तौड़गढ़ से विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट कटने पर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहां रविवार सुबह प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंका गया। वहीं, प्रदेशाध्यक्ष के घर पर पत्थर फेंके गए। आक्या ने कहा कि पार्टी के पास दो दिन का समय है। यहां से नरपत सिंह राजवी को टिकट मिला है। सांगानेर में अशोक लाहोटी का टिकट काटने पर जमकर विरोध हो रहा है। रविवार को उनके समर्थकों ने जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। उदयपुर में ताराचंद जैन को उम्मीदवार बनाने का उदयपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर पारस सिंघवी ने विरोध किया है। अलवर शहर में बीजेपी से संजय शर्मा को टिकट मिलने का लोगों ने होप सर्कस पर विरोध जताया। ओम माथुर के खिलाफ भी नारे लगाए। आंसीद में जब्बर सिंह सांखला के विरोध में लोग सड़क पर उतरे। वहीं कई जगह भाजपा और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने इस्तीफे दिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


**इसी हफ्ते साल का आखिरी ग्रहण**

# 28-29 अक्टूबर की रात होगा चंद्र ग्रहण, जयपुर में भी दिखेगा

- जयपुर में 28 की रात 23:31 बजे से दिखेगा ग्रहण
- सूतक काल 28 अक्टूबर की शाम 4:05 बजे से होगा शुरू
- आश्विन मास के ग्रहण से प्राकृतिक आपदाओं की आशंका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस वर्ष का आखिरी ग्रहण इसी हफ्ते होगा। साल 2023 में कुल चार ग्रहण थे। दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण। इनमें से तीन हो चुके हैं और अब चौथा ग्रहण (चंद्र ग्रहण)28-29 अक्टूबर को होगा। यह ऐसा चंद्र ग्रहण होगा जो पृथ्वी के एक बड़े हिस्से में दिखाई देगा। 28 अक्टूबर को होने वाला चंद्र ग्रहण आंशिक होगा। चंद्रमा छाया के उत्तरी किनारे पर होगा। इसके कारण चंद्रमा का एक छोटा हिस्सा पूरी तरह से ग्रहण से ग्रसित रहेगा। आंशिक चंद्र ग्रहण देखने से ऐसा लगेगा, जैसे इसे किसी ने काट दिया है। दरअसल, जब तीन खगोलीय पिंड एक लाइन में आ जाएं और उनमें से एक किसी पर प्रकाश पहुंचने से रोके तो वह ग्रहण कहलाता है। जब सूर्य और चंद्रमा के बीच में पृथ्वी आ जाए तो वह चंद्र ग्रहण कहलाता है। इस दौरान पृथ्वी की परछाई चंद्रमा पर पड़ती है।



### इन देशों में दिखेगा यह ग्रहण

यह ग्रहण उन क्षेत्रों में दिखाई देगा, जहां चंद्रमा क्षितिज से ऊपर है, जिसमें एशिया, रूस, अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और अंटार्कटिका शामिल है। नई दिल्ली से यह दक्षिण-पश्चिम आकाश में क्षितिज से 62° डिग्री ऊपर स्थित होगा। वक्त की बात करें तो यह 28 अक्टूबर की रात 11:31 बजे से लगेगा और 29 को तड़के 3:36 पर खत्म होगा। अलबत्ता, 29 को 1:45 बजे पर यह अपने चरम पर होगा। उस समय इसे देखना अच्छा होगा।

### जयपुर में सूतक 28 की शाम से

जयपुर के पंडित बंशीधर ज्योतिष पंचांग के निर्माता पंडित दामोदर प्रसाद ने बताया कि इस चंद्र ग्रहण का पूरे भारत पर पूरा असर रहेगा। चंद्र ग्रहण का सूतक काल 28 अक्टूबर को शाम 4.05 बजे से शुरू हो जाएगा। जयपुर में ग्रहण मध्यरात्रि बाद 1.05 बजे से 2.23 बजे तक सही देखा जा सकेगा।

### आश्विन मास का ग्रहण ठीक नहीं

पंडित दामोदर शर्मा ने बताया कि यह चंद्र ग्रहण आश्विन मास में आया है, जो कि शास्त्रों के अनुसार प्राकृतिक प्रकोप देने वाला है। ऐसा ग्रहण जहां-जहां दिखाई देता है, उन स्थानों पर प्राकृतिक आपदा, भूस्खलन, भूकंप, तूफान आदि की आशंका रहती है। वहीं, मेष राशि वालों के लिए भी ये शुभकारी नहीं है।

## जरूरी खबर

### ओवैसी की AIMIM को वोट देने की अपील



**जयपुर।** एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी रविवार को शहर के दौरे पर रहे। बांस की पुलिया के पास उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान के लोगों के पास भाजपा और कांग्रेस के अलावा एआईएमआईएम का भी विकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का संविधान हम लोगों को बराबरी का दर्जा देता है, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा नहीं है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि नफरत से आजादी चाहिए तो एआईएमआईएम को वोट दीजिए।

### अनुशासनहीनता पर 4 कार्यकर्ताओं को किया निलंबित

**जयपुर।** भाजपा की प्रदेश अनुशासन समिति ने रविवार को राजसमंद में अनुशासनहीनता करने पर चार कार्यकर्ताओं को निलंबित किया है। समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राजसमंद जिला कार्यालय में तोड़फोड़ करने और हिंसक प्रदर्शन के लिए उकसा कर अनुशासन भंग करने के आरोप में भाजपा के सदस्य अजय प्रजापत, देवी लाल जटीया, हिम्मत कुमावत और मुकेश शर्मा को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। चारों कार्यकर्ता जांच के दौरान भाजपा से निलंबित रहेंगे।

### सीएम गहलोत आज जोधपुर दौरे पर होंगे रवाना



**जोधपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अगले दो दिन जोधपुर में रहेंगे और सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गहलोत सोमवार सुबह दस बजे जयपुर से जोधपुर पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के बाद दोपहर एक बजे और शाम को चार से छह बजे तक सरदारपुरा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनसम्पर्क करेंगे। गहलोत मंगलवार को जनसम्पर्क करने के अलावा माली सेवा संस्थान की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह और शाम को रावण का चबूतरा मैदान में आयोजित दशहरा समारोह में भाग लेंगे।

---

पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत का जन्म शताब्दी समारोह आज, समाधि स्थल पर होगा कार्यक्रम

# बाबोसा के जन्मदिवस पर आमजन से भागीदारी की अपील

■ शेखावत की पुत्री ने सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट

बेधड़क | जयपुर

पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत का सोमवार को जन्म शताब्दी समारोह विद्याधर नगर में शेखावत के समाधि स्थल पर आयोजित होगा। शेखावत के परिवार की ओर से ये जन्म शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है।

शेखावत की बेटी रतन कंवर ने सोशल मीडिया पर 2 मिनट 48 सेकंड एक भावुक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बाबोसा की जन्म शताब्दी पर आमजन से अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया है।

समारोह में कई राजनेता, परिवार के सदस्य सहित विभिन्न पार्टियों के लोग जुटेंगे। शेखावत की बेटी रतन कंवर ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि चुनाव पांच साल में दोबारा आ जाएंगे, लेकिन उनके पापा का 100वां जन्मदिवस वापस नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि समय बदल सकता है, लेकिन संबंध नहीं। मेरे किसी से कच्चे संबंध नहीं हैं।



### उपराष्ट्रपति धनखड़ लेंगे समारोह में भाग

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को एकदिवसीय यात्रा पर जयपुर आएंगे। इस दौरान धनखड़ राजस्थान के गौरव, पूर्व उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत के जन्मशताब्दी दिवस समारोह में भाग लेंगे और विद्याधर नगर स्थित 'श्री भैरोंसिंह शेखावत स्मृति स्थल' पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। धनखड़ के अलावा समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र के विद्याधर नगर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### बेटी होने के नाते निभा रही हूं फर्ज: रतन कंवर

शेखावत की बेटी रतन कंवर ने वीडियो में कहा कि बाबोसा को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी आम जन को आमंत्रित करती हूं। उन्होंने कहा कि राजनीति से दूर रहने वाली मैं, इस बार बेटी का फर्ज निभाने के लिए सार्वजनिक मंच पर सामने आई हूं। उन्होंने कहा कि मैं ही मेरे पापा की इकलौती संतान हूं। उन्होंने अपना जीवन राजस्थान की जनता और बीजेपी को बढ़ाने के लिए दिया। उन्होंने कहा कि एक बेटी होने के नाते मेरा फर्ज है कि मैं उनका नाम अमर करूं। उन्होंने बाबोसा के नाम को अमर करने को लेकर आमजन से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने सभी को बाबोसा की समाधि स्थल पर जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, लेकिन यह बेटी अपना फर्ज निभाएगी।

---

कांग्रेस पर भाजपा हमलावर, नेताओं की बयानबाजी तेज

# झूठ बोल रहीं प्रियंका गांधी कांग्रेस की विदाई तय: जोशी

■ टिकटों की घोषणा के बाद भी कांग्रेस खेमे में असमंजस का माहौल

■ महिला दुष्कर्म तथा अत्याचार के मामलों से प्रदेश हुआ शर्मसार: त्रिवेदी

बेधड़क | बीकानेर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की हलचल के बीच नेताओं की बयानबाजी भी तेज हो गई है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भाजपा लगातार हमलावर बनी हुई है। भाजपा नेता कांग्रेस पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। कांग्रेस सरकार पर रविवार को नेता प्रतिपक्ष और तारानगर से प्रत्याशी राजेंद्र राठौड़, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित कई नेताओं ने जुबानी हमला बोला।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने नवरात्रा और दुर्गाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि राज्य से अब कांग्रेस सरकार की विदाई तय हो चुकी है।

जोशी ने कहा कि प्रियंका गांधी ने दौसा में पीएम नरेन्द्र मोदी को लेकर शर्मनाक टिप्पणी की है। वह जनता के सामने मंच से झूठ बोल रही हैं। यह कांग्रेस के लिए चिंताजनक स्थिति है। भाजपा ने अपनी अधिकांश सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, लेकिन कांग्रेस खेमें में अभी भी असमंजस का माहौल है। कांग्रेस के पास कोई चेहरा ही नहीं है, जबकि भाजपा के पास पीएम नरेन्द्र मोदी जैसा चेहरा है।




### प्रदेश में अपराध चरम पर

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान अपराध चरम पर पहुंच गए हैं। यहां पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अत्याचार की वारदातों में भारी बढ़ोतरी हुई है। यहां सीएम गहलोत स्वयं कुर्सी जाने के डर से घिरे रहे जिसका परिणाम यह रहा कि राज्य को पूरे पांच साल तक कोई गृहमंत्री भी नहीं मिल पाया। जिसके कारण अपराधियों के हौंसले बुलन्द हो गए।

### पूरा ध्यान कुर्सी पर: अरुण सिंह

प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने पूरे कार्यकाल कुर्सी से चिपके रहे और उनका पूरा ध्यान अपनी कुर्सी बचाने पर ही लगा रहा। इसके कारण प्रदेश की जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं था। इससे जनता में भारी नाराजगी है और कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के कारण आने वाले समय में राजस्थान में कांग्रेस का नाम लेने के लिए कोई कार्यकर्ता भी नहीं बचेगा।

### लॉकर्स बने काले धन का ठिकाना: बगड़ी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा है कि नकदी और सोना उगल रहे लॉकर्स राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार के काले कारनामे उजागर कर रहे हैं। इन लॉकर्स की जांच भाजपा सांसद किरोड़ीलाल मीणा की मांग पर हो रही है। बगड़ी ने कहा कि जयपुर में राज्य सरकार की नाक के नीचे प्राइवेट वॉल्ट में अवैध रूप से रखा गया यह धन राज्य सरकार की शह पर की गई काली कमाई का हिस्सा है। राज्य में कांग्रेस सरकार के शासन काल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ हैं।

### विदाई पर अंतिम मुहर लगाने की तैयारी: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि जिस प्रकार का राज्य में पिछले 5 सालों तक अराजकता का माहौल रहा है, युवा नौकरी के लिए परेशान रहे। अब आने वाली 25 नवंबर को प्रदेश की जनता इस अराजक, नकारा और निकम्मी सरकार की विदाई पर अंतिम मुहर लगाने को तैयार बैठी है। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। यह पीएम नरेन्द्र मोदी के विजन और सोच के साथ किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि आज देश की पांचवीं बडी अर्थव्यवस्था बन गया है। पीएम मोदी के देश में एक बार फिर भारत देश विश्व का सिरमौर बनकर उभर रहा है।

---

चुनाव को लेकर चर्चा

# सीएम के ओएसडी शर्मा ने की पायलट से मुलाकात

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा ने रविवार को पूर्व डिप्टी सीएम व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट से सिविल लाइन आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर करीब आधे घंटे तक वार्ता हुई।

मुलाकात के बाद शर्मा ने कहा कि सचिन पायलट कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। ऐसे में चुनावों में इनसे सलाह-मशविरा करना भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में इस बार वे खुद टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें प्रदेश कांग्रेस के सेंट्रल वॉर रूम का को-चेयरमैन बनाकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इस वॉर रूम की कांग्रेस की रणनीति बनाने में भी अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने शर्मा ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

गौरतलब है कि शर्मा इस बार बीकानेर सीट से दावेदारी कर रहें हैं। सूत्रों से मिली जानकारी से अनुसार शर्मा और पायलट की मुलाकात को लेकर कई सियासी दावे भी किए जा रहे हैं। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बीकानेर सहित राज्य की अन्य विधानसभा सीटों पर सियासी गणित को लेकर मंथन-चिंतन हुआ।

शनिवार को ही कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए अपनी 33 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके अगले ही दिन दोनों नेताओं के बीच करीब 30 मिनट तक चली इस मुलाकात को लेकर तरह-तरह के कयास लग रहे हैं। खास बात यह है कि बीते 5 वर्षों में यह पहला अवसर था जब लोकेश शर्मा और सचिन पायलट के बीच पायलट के आवास पर पहली मुलाकात हुई।

---

एकता व समावेशिता का संदेश दे रही सीआरपीएफ की महिला जवान

# मिश्र ने यशस्विनी टीम को किया रवाना

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला बाइक टीम यशस्विनी को रविवार को अलबर्ट हॉल से झंडी दिखाकर गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की यात्रा के लिए रवाना किया। सीआरपीएफ की यह महिला बाइक टीम एकता और समावेशिता के संदेश के साथ 5 अक्टूबर से शिलांग और श्रीनगर से भारत यात्रा पर निकली है।



राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर आयोजित समारोह में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला बाइक दल की बहादुरी और राष्ट्र के प्रति जज्बे की सराहना करते हुए राष्ट्रीय एकता और सद्भाव की इस यात्रा को महती बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ इस तरह के अभियानों से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रसार अनुकरणीय है। उन्होंने श्रीनगर के लालचौक और शिलांग से जयपुर पहुंची महिला बाइक दल की यात्रा के अनुभव सुनकर इसे महिलाओं के अदम्य साहस की प्रतीक यात्रा बताया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का यह महिला बाइक दल यशस्विनी नई पीढ़ी को प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने बाइक दल को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इससे पहले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के राजस्थान क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल ने सीआरपीएफ के आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित होने वाले इस तरह के महिला साहसिकता अभियानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महानिरीक्षक विक्रम सहगल ने महिला बाइक दल की भारत यात्रा पर अलग अलग स्थानों से निकली सदस्यों के बारे में भी जानकारी दी।

---

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने काटा फीता

# चुनाव के लिए BJP के हाईटेक मीडिया सेंटर का किया शुभारंभ

बेधड़क | जयपुर

भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ की ओर से विधानसभा चुनावों के लिए विशेष तौर पर तैयार करवाए गए मीडिया सेन्टर का शुभारंभ रविवार को प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरुण सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनिल बलूनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और शहजाद पूनावाला व मीडिया विभाग के संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे। जयपुर में बंगला नं.16 सिविल लाईन्स, राजभवन के सामने इस मीडिया सेंटर के विधिवत उद्घाटन के बाद यहां काम शुरू हो गया है।



भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि हाईटेक मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के लिए कम्प्यूटर लैब तैयार की गई है। यहां मीडियाकर्मी अपनी खबरों तथा आलेख पर कार्य कर सकेंगे। वहीं वाईफाई युक्त प्रेसवार्ता कक्ष, टेलीविजन मीडिया की बाइट के लिए अलग चैम्बर बनाया गया है।

---

विधानसभा चुनाव 2023

# राजस्थान पुलिस ने 13 दिनों में 113 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त की

■ राज्य की सीमाओं पर सीसीटीवी युक्त 250 चेक पोस्ट

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव में इस बार नेता धनबल का दुरूपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस बार चुनाव से पहले राजस्थान पुलिस का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी है। राजस्थान पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के पहले 13 दिनों में जब्ती के आंकड़े का कीर्तिमान रच दिया है। इन 13 दिनों में अब तक 111 करोड़ की जब्ती की जा चुकी है। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में 60 दिनों के अंदर 65 करोड़ का अवैध माल जप्त किया गया था।




व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि पिछले चुनावों की तुलना में इस वर्ष कई गुना अधिक जब्ती हो सकती है। अब तक करीब 15 करोड़ की अवैध शराब पकड़ी गई जबकि 38 करोड़ का मादक पदार्थ पुलिस ने जब्त किया। साथ ही नकदी करीब 15 करोड़ रुपए की राशि अब तक जब्त की जा चुकी है।

### प्रदेश में 650 जगह पर हुई नाकाबंदी

आईजी कुमार ने बताया कि हथियारों और सोना चांदी के अवैध धंधे पर भी पुलिस पैनी नजर बनाए हुए हैं। अब तक करीब 14 करोड़ रुपए कीमत का सोना चांदी जब्त किया गया है। कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत करीब 2000 उड़नदस्ते लगाए गए हैं। इन उड़नदस्तों ने अब तक करीब 8 करोड़ की धर पकड़ की गई है। कुल 650 नाके लगाए गए हैं, इनमें राजस्थान से लगती अन्य राज्यों की सीमाओं पर 250 से ज्यादा नाके लगाकर उन्हें सीसीटीवी से लेस भी किया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे तथा अमृतसर जामनगर भारतमाला सड़क के हर निकास पर पुलिस पिकेट लगाया गया है। भारत माता सड़क राजस्थान में करीब 600 किलोमीटर और एक्सप्रेस वे करीब 350 किलोमीटर में है। जिले की विशेष टीमें, थानों तथा एसओजी, स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा भी इसमें सहयोग दिया जा रहा है। धर पकड़ की कार्रवाई में बांसवाड़ा, बाड़मेर, जोधपुर, भीलवाड़ा और अलवर इत्यादि जिले का प्रदर्शन उच्च स्तरीय रहा है। प्रत्येक जिले के दैनिक प्रदर्शन का विश्लेषण कर उन्हें निर्देश दिए जा रहे हैं। राज्य में पहली बार समस्त नाकों की आठ अंकीय यूनिक कोडिंग की गई। जिससे निगरानी, उत्तरदायित्व निर्धारण और विश्वसनीयता कायम हुई है।

### बाड़मेर में सबसे ज्यादा ड्रग्स जब्त की

प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियां भी अवैध सामग्री जब्त करने के मामले में हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक एनफोर्समेंट एजेंसियों ने 200 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की अवैध शराब, नकदी व अन्य सामग्री जब्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया है, जबकि 2018 के विधानसभा आम चुनाव में पूरी आचार संहिता के दौरान यानि 65 दिन में 70 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की गई थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। 32 करोड़ 67 लाख रुपए के सीजर के साथ जयपुर प्रदेश में सबसे आगे है। दूसरे स्थान पर बांसवाड़ा 13 करोड़ 34 लाख रुपए, तीसरे स्थान पर उदयपुर 12 करोड़ 74 लाख रुपए चौथे स्थान पर 12 करोड़ रुपए के साथ अलवर है, वहीं 10 करोड़ रुपए से ज्यादा के सीजर के साथ बाड़मेर 5वें स्थान पर है। 4 करोड़ 30 लाख रुपए की अवैध शराब जब्ती कर अलवर पहले स्थान पर है। 7 करोड़ 40 लाख रुपए की ड्रग्स जब्ती के साथ बाडमेर पहले स्थान पर है। अवैध नकदी की जब्ती के मामले में जयपुर 7 करोड़ 77 लाख रुपए के साथ पहले स्थान पर है। 11.14 करोड़ के सोना—चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती कर बांसवाड़ा पहले स्थान पर है। जबकि 27.54 लाख की फ्रीबीज जब्त कर सवाईमाधोपुर पहले स्थान पर है।

## आज मां सिद्धिदात्री की आराधना करें



नवरात्र के नवें दिन मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में मां सिद्धिदात्री का स्वरूप अंतिम है। प्रतिपदा के दिन मां शैलपुत्री के रूप में पूजन करके रोज एक देवी का पूजन करते हुए आठ स्वरूपों का पूजन करने के बाद नौवें दिन इनकी उपासना करते हैं। मान्यता है कि पूरे विधि विधान से मां सिद्धिदात्री की आराधना करने से सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त हो जाती है। महर्षि मार्कंडेय और गोस्वामी तुलसीदास ने आठ प्रकार की सिद्धियां बतायी हैं। यह सिद्धियां हैं अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व।

### इस मंत्र का जप करें

*या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।*

**महाष्टमी पर मंदिरों में विशेष अनुष्ठान,** सामूहिक पूजन में बालिकाओं को बांटे उपहार

# व्रत का संकल्प, माता की ज्योति देख कन्याओं को भोजन कराया

**बेधड़क** | जयपुर

शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को महाअष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर घर-घर में माता की ज्योत देखकर कन्याओं को भोजन कराया गया। शहर के दुर्गा मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। कई जगहों पर सुबह व्रत का संकल्प लेकर सपरिवार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई।

माता को कुमकुम, चावल, मौली, फूल माला अर्पण करने के बाद ज्योत जलाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान नौ कन्याओं को भोजन कराकर यथाशक्ति दक्षिणा, कपड़े और रुपए भेंट किए गए। प्रमुख मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए गए। आमेर की शिला माता, कनक घाटी, सांगानेरी गेट, खानियां बंधा स्थित आशावरी माता, झालाना वन क्षेत्र स्थित काली माता, दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता, आरपीए स्थित मां जगदमबा माता सहित सभी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए गए।



### नौ कन्याओं का पूजन कर भावुक हुए लोग

नायसा एकलव्य फाउंडेशन और रवि फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को नारी और मातृशक्ति शक्ति के सम्मान के रूप में मनाया गया। अजमेर रोड स्थित श्री चैतन्या ग्राउंड में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कन्या पूजन के दौरान भावुक हो गए। आयोजक राजेश कूलवाल ने बताया कि इस दौरान गरबा भी खेला गया, जिसमें माता के भक्तों ने दोगुने जोश के साथ डांडिया खेला। इस दौरान सभी गुजरात के रंग में रंगे नजर आए।

### 1500 कन्याओं को कराया भोजन

जनकल्याण आमेर रोड विकास समिति की ओर से महाष्टमी पर 1500 कन्याओं को भोजन कराया गया। समिति अध्यक्ष गौरी शंकर गर्ग ने बताया कि समिति की ओर से बंगाली बाबा की बगीची, दिल्ली रोड पर महाष्टमी पर्व पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की 1500 कन्याओं का पूजन किया गया। इस दौरान लोगों ने देवी मां के स्वरूप छोटी बच्चियों के चरण धोए और उनहें हलवा-चना का भोजन कराया गया। उपहार दिए गए। आमेर में विप्र सेना महिला मोर्चा की ओर से 01 कन्याओं को भोजन कराया गया। आमेर विधान सभा अध्यक्ष पल्लवी शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी द्वारा 201 कन्या पूजन और महाभोज आयोजित किया गया।

### महानवमी पर भी होगा कन्या पूजन

सोमवार को महानवमी के अवसर पर भी कई जगहों पर सामूहिक कन्या पूजन कराया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में हो रहे विशेष अनुष्ठान का समापन किया जाएगा। मां दुर्गा के निमित विशेष हवन होंगे। नवमी के अवसर पर मां सिद्धिदात्री की उपासना की जाएगी।

**सजने लगे बाजार:** क्यूआर कोड से होगी पटाखों की पहचान

# पटाखे बिखेरेंगे रंग, मैजिक बीट्स निकालेंगे पक्षियों की सी आवाज

**बेधड़क** | जयपुर

आतिशबाजी के बिना दीपोत्सव की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। शुभता के प्रतीक श्री गणेश और समृद्धि की प्रतीक मां लक्ष्मी के पूजन के साथ आतिशबाजी के बीच दीपावली का उल्लास दो गुना हो जाता है। पारंपरिक फुलझड़ी, अनार, मेहताब के साथ ही इस बार ग्रीन पटाखा भी आसमान में सतरंगी डिजिटल रंग बिखेरेगा। लोगों को क्यू आर कोड से इकोलॉजिकल पटाखे की पर्यावरण की अनुकूलता की जानकारी देगा।

ये पटाखे पॉल्यूशन फ्री होने से लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी अनुकूल होंगे। वहीं सरकार की ओर से प्रतिबंधित रसायन बेरियम सॉल्ट का प्रयोग पटाखों में नहीं हुआ हैं। आगामी दशहरा पर्व को देखते हुए शहर के बाजारों में पटाखों की दुकानें भी सजने लग गई है। बच्चों से लेकर जवान तक दुकानों पर पटाखें खरीदते नजर आ रहे है।



### अब की दिवाली में ईको फ्रेंडली पटाखों से होगा शहर गुलजार

मालवीय नगर निवासी सिद्ध कुमार विजय ने बताया कि सरकार द्वारा बेरियम सॉल्ट को प्रतिबंधित करने के बाद बाजारों में इको फ्रेंडली पटाखों की भरमार हो गई है। ये पटाखे प्रदूषण मुक्त होते हैं और केमिकल मुक्त होने से स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करते हैं। इनमें रंग बरसात, मलटी कलर्स पॉर्च, स्काई शॉट प्रमुख पटाखें आते हैं। ये पटाखे केमिकल से बने हुए नहीं होते हैं, इस कारण इनमें से धुआं भी नहीं निकलता है। वहीं, इन पटाखों के बॉक्स पर क्यूआर कोड भी लगाया गया है, जिसे स्केन करने पर पटाखे के निर्माण संबंधी सारी प्रक्रिया और निर्माण सामग्री का पता चल जाएगा।

### बच्चों को लुभाएंगे म्यूजिकल पटाखे खुशियों में लगाएंगे चार चांद

इस बार की दिवाली स्पेशल म्यूजिकल पटाखे बच्चों की खुशियों में चार चांद लगाएंगे। इनमें सबसे खास मेजिक बीटस् पटाखा। पिछले 30 साल ये पटाखों की दुकान लगा रहे रवि कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार पटाखों की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन वैरायटियों में बहुत शानदार पटाखे आए हैं। बच्चों के लिए मेजिक बीटस् पटाखा पक्षियों की आवाज निकालेगा तो फ्लैश पटाखा आसमान में उड़कर फ्लेश मारेगा, वहीं बड़ों के लिए डोन पटाखा भी बाजार में आया है। ये आसमान में करीब 30 सेकंड तक रहेगा और रंगीन आतिशबाजी भी करेगा। इसेक अलावा सदाबहार रंग बरसात में भी कई तरह से अनार और फव्वारे दिवाली पर आसमान को रोशनी से सरोबार करे देंगे।

### सुरक्षा के लिए पुलिस कर रही दुकानों की चेकिंग

राजधानी में पटाखों की करीब 1500 दुकानें लगी हुई हैं। इनमें प्रमुख बाजार में किशनपोल बाजार, हवामहल बाजार है। इनके अलावा वैशाली नगर, मालवीय नगर, सोडाला, झोटवाडा, सांगानेर आदि इलाकों में भी पटाखे की दुकानें सजने लग गई है। इस बार पटाखों की दुकान के लिए 1200 से अधिक अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन आए थे। इनमें करीब 1150 अस्थायी आवेदकों को पुलिस आयुक्तालय ने लाइसेंस दे दिया। साथ इन दुकानों में सुरक्षा के इंतजाम व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस चेकिंग अभियान भी चला रही है।

**निर्भया स्क्वॉड ने की कार्रवाई**

# 9 मनचलों को पकड़ा, 56 लोगों से की समझाइश



**बेधड़क** | जयपुर

सतर्क जयपुर, सुरक्षित जयपुर अभियान के तहत निर्भया स्क्वॉड ने रविवार को मनचलों पर कार्रवाई करते हुआ 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 56 लोगों से समझाइश की है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि कार्रवाई में निर्भया टीम ने शिप्रापथ इलाके में एक पार्क में महिलाओं को गलत कमेंट कर रहा था, इस पर गार्ड की सूचना पर पहुंची टीम की ममता और हेमलता ने मनचले जग प्रवेश को गिरफ्तार किया। शिप्रा पथ इलाके में ही एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में एक आरोपी सलीम खान को गिरफ्तार किया। साथ महिला को अनजान नंबर से फोन कर परेशान करने के आरोप में अजय महावार को दबोच लिया।

वहीं गौरव टॉवर के पास लडकियों का पीछा करने पर विकास को गिरफ्तार किया है। साथ ही भट्टा बस्ती इलाके में निर्भया टीम से गाली गलौज करने पर एक आरोपी तामिल खां और बस स्टैंड पर बालिकाओं को अश्लील कमेंट करने के आरोप में अंकित कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## जरूरी खबर

### सीजीएसटी टीम ने 35 टन स्क्रैप ले जा रहा ट्रक पकड़ा

**जयपुर।** केन्द्रीय माल व सेवा कर की टीम ने रविवार को बिना जीएसटी के बिलिंग हुए 35 टन स्क्रेप ले जा रहे एक ट्रक को जब्त किया है। टीम ने ये कार्रवाई दौलतपुरा टोल नाके के पास की है। जानकारी के अनुसार स्क्रैप ले जा रहा ट्रक राजकोट से पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ जा रहा था। टीम ने रुकवा कर माल की तलाशी ली और बिल चेक किए तो ये घपला सामने आया। अधिकारियों के अनुसार इस ट्रक के माध्यम से करीब दो लाख 50 हजार की जीएसटी चोरी हो रही थी। जांच में पता चला कि ट्रक में शाहपुरा की महावीर ट्रेडिंग कम्पनी का बिल मिला है। बिल में माल की रवानगी शाहपुरा से दिल्ली दिखाई गई, जबकि माल अन्यत्र जगह पर भेजा जा रहा था।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**फिर हुआ पश्चिमी विक्षोभ का असर**

# तेज हवा और बारिश बढ़ाएगी सर्दी

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में मौसम का दूसरा पश्चिम विक्षोभ रविवार से सक्रिय हो गया है। इसके असर से तेज हवा से सर्दी बढेगी, वहीं कुछ जगहों पर बारिश भी होंगी।

मौसम में हुए परिवर्तन से रविवार को प्रदेश के पांच जिलों में बारिश हुई। गंगानगर और हनुमानगढ़ में करीब एक इंच पानी बरसा है। इनके अलावा बीकानेर, जेसलमेर, बाड़मेर में बारिश से सर्दी में बढ़ोतरी हुई है। इन इलाकों में बारिश होने से प्रदेश की बाकी जगहों पर भी तापमान में गिरावट हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर और जल संसाधन विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बरसात 31 मिमी गंगानगर के पदमपुर और गजसिंहपुर में हुई। इन इलाकों में शनिवार को देर रात शुरू हुई बारिश रुक-रुककर सुबह तक जारी रही। इन इलाकों में सोमवार भी बारिश होने का अनुमान है। वहीं, हनुमानगढ़ के संगरिया में भी 30 मिमी बरसात हुई। हनुमानगढ़ शहर, पीलीबंगा, टिब्बी में भी कई जगह पर हल्की बारिश हुई।

### रावण खड़ा बाजार में...



***जयपुर।*** *विजयदशमी महापर्व मंगलवार को है। इस दिन के लिए रावण बाजार तैयार हो गया है। छोटे- बड़े, सस्ते- महंगे सहित हर साइज के रावण की संख्या महंगाई के दौर में बढ़ती जा रही है। दामों के मोल भाव भी किए जा रहे हैं। इस दौरान गोपालपुरा बाईपास पर रावण के ग्राहक के इंतजार करती*

फोटो: राजेश कुमावत

**त्योहार और चुनावी माहौल में पुलिस ने दिखाई सख्ती**

# जयपुर में ए श्रेणी की नाकाबंदी, वाहनों की ली जा रही सघन तलाशी

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावी सरगर्मी और त्योहारी माहौल को देखते हुए प्रदेश की पुलिस अब पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में रविवार को शाम पांच बजे शहर की सड़कों पर बेरिकेडिंग लगा दी गई और हर तरफ हथियारबंद जवान मुस्तैद तैनात दिखे। शहर में ऐसा माहौल देख सड़क से गुजर रहा हर आम आदमी भौंचक्क रहा गया।

दरअसल राज्य पुलिस के मुखिया महानिदेशक उमेश मिश्रा के आदेश के बाद पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था गौरव श्रीवास्तव ने दशहरा पर्व और चुनाव को देखते हुए पूरे राज्य में शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक ए श्रेणी की नाकाबंदी कराने के आदेश दिए। इस आदेश के बाद सभी इलाकों में संबंधित थाना पुलिस अधिकारी हथियार बंद जवानों के साथ सड़क पर उतर गए और वाहनों की सघन तलाशी लेने लग गए। इस दौरान सड़कों पर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। ये अभियान रात नौ बजे तक चला।

कार्रवाई होने पर गिड़गिडाते नजर आए वाहन चालक शहर में कुछ जगहों पर कार्रवाई होने पर वाहन चालक पुलिस से उलझते नजर आए तो कुछ गिड़गिड़ाते नजर आए। कई जगह कार्रवाई से बचने के लिए लोग जानकार पुलिस अधिकारियों को भी फोन मिला रहे थे, लेकिन डीजीपी के आदेश होने से पुलिस अधिकारी भी बचते नजर आए।



### चुनाव तक लगातार रहेगी सख्त पुलिस व्यवस्था

पुलिस अधिकारियों की मानें तो पुलिस की ओर से त्योहारी और चुनावी माहौल में ऐसी सख्त व्यवस्था होती रहती है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसके अलावा ऐसे महौल में आपराधिक किस्म के लोग सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए इन पर कार्रवाई करने के लिए भी ए श्रेणी जैसी व्यवस्था जरूरी है। आगे भी चुनाव तक पुलिस का ये सख्त रूप देखने को मिलेगा।

### ये दिए निर्देश

- संदिग्ध/आपराधिक व्यक्तियों अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध हथियार रखने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।
- सभी संदिग्ध वाहनों की सघन तलाशी लें और चालक के ड्राइविंग लाईसेंस और वाहन के कागजात चैक करें। वाहन में बैठे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की जाए।
- ऐसे वाहन जिनके शीशे पर काली फिल्म हो, नम्बर प्लेट अस्पष्ट / निर्धारित पैटर्न से भिन्न है और बिना नंबर प्लेट के वाहन हों। ऐसे वाहनों को रोकर सघन चैकिंग की जाए।
- नाकाबंदी के दौरान बैरीकेड, बुलेट प्रुफ, इंटरसेप्टर वाहन काम में लें
- नाकाबंदी में क्षेत्र के पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।
- पुलिस आयुक्त / रेंज महानिरीक्षक / पुलिस उपायुक्त / पुलिस अधीक्षक नियमित पर्यवेक्षण और कुछ स्थानों पर आकस्मिक चैकिंग भी करेंगे।
- नाकाबंदी के दौरान पकड़े जाने के डर से भाग रहे अपराधी के लिए गश्तीदल / क्यूआरटी उचित स्थानों पर तैनात रखेंगे जो आवश्यक होने पर अपराधियों का पीछा कर सके।
- वाहन पंजीकरण और स्वामित्व सत्यापित करने के लिए राजकॉप एप का उपयोग करें।
- नाकाबंदी के दौरान किसी भी बीमार बुजुर्ग और महिलाओं आदि को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने की हिदायत।

## जरूरी खबर

### वाहन से ही होगा ईवीएम मशीनों का परिवहन



**दौसा।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में प्रशिक्षण प्रभारी और लालसोट एडीएम भावना शर्मा ने दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव में ईवीएम संबंधित संपूर्ण प्रोटोकॉल का पालन करें। ईवीएम का परिवहन पैदल नहीं करें और केवल निर्धारित वाहनों में ही करें। उन्होंने मतदान दलों को आगाह किया है कि पोलिंग पार्टी सीधे पोलिंग स्टेशन पहुंचे। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को चुनाव प्रक्रिया, वोटिंग मैथड्स, ईवीएम संचालन और प्रोटोकॉल संबंधित जानकारी दी गई।

### दो प्रशिक्षणार्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सिरोही।** सिरोही जिला मुख्यालय पर मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर में मतदान दल के दो कर्मचारियों की गैर मौजूदगी को जिला कलेक्टर डॉ. भंवरलाल द्वारा गंभीरता से लिया गया है। जिसके बाद चुनाव कार्य में गंभीर कोताही बरतना मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। इसमें लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत दंडात्मक कारवाई प्रस्तावित करते हुए कारण बताओ नोटिस देकर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### फांसी के फंदे पर झूलकर विवाहिता ने की आत्महत्या



**धौलपुर।** जिले के सरकन खेड़ा गांव में एक महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे सदर थाने के हेड कांस्टेबल नरेश परमार ने बताया कि महिला के पिता ग्यासीराम ने घटना की सूचना दी थी। मृतका रीना उर्फ जानू (22) की शादी 8 साल पहले उम्मेदीनगर के राकेश के साथ हुई थी। राकेश नोएडा में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। पति के बाहर जाने के बाद महिला 2 महीने पहले ही अपने मायके में आकर रहने लग गई थी। महिला द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना ससुराल पक्ष के लोगों को भी दी गई।

---

**राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की सत्ता संकल्प यात्रा चूरू में,** जनसभाओं के जरिए किया शक्ति प्रदर्शन

# बेनीवाल की हुंकार, प्रदेश में तीसरे मोर्चे की बनेगी सरकार

**बेधड़क** | चूरू

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं ने अब पूरी तरह से जमीन पकड़ ली है। नेता अपने-अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। इधर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में इस बार राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) भी तीसरे मोर्चे की जमीन तैयार करने में जुटी हुई है।

थर्ड फ्रंट का झंडा बुलंद करने वाले आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल प्रदेश में सत्ता संकल्प यात्रा निकालकर आरएलपी की हवा बनाने में लगे हैं। इन दिनों हनुमान बेनीवाल चुरू जिले के दौरे पर हैं, यहां पर हनुमान बेनीवाल ने सत्ता संकल्प यात्रा के तहत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का माहौल बनाने का प्रयास करते हुए दिखाई दिए। रविवार को बेनीवाल ने चूरू, तारानगर, सादुलपुर, रतनगढ़, सरदारशहर आदि विधानसभाओं में रोड शो किया।

इस दौरान हनुमान बेनीवाल ने सरदारशहर के गांधी चौक के आगे बड़ी जनसभा कर आरएलपी का शक्ति प्रदर्शन किया। आरएलपी की सभा को संबोधित करते हुए आरएलपी सुप्रीमों और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि मैं प्रदेश-देश के किसानों, जवान के हितों की लड़ाई लड़ता हूं इसलिए पूरे राजस्थान में मेरे साथ हर वर्ग का आदमी खड़ा है। हनुमान बेनीवाल ने भाजपा, कांग्रेस दोनों को अपने निशाने पर रखा, आरएलपी सुप्रीमो ने कहा कि इस बार तीसरी मोर्चे की सरकार बनेगी।



### नागौर सांसद ने कांग्रेस की सूची पर कसा तंज

हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस द्वारा निकाली गई पहली उम्मीदवार की सूची पर भी तंज कसा, बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस ने कैसी लिस्ट जारी की है, देश की राष्ट्रीय पार्टी है उनके पास सारे साधन-संसाधन उसके बावजूद 30 लोगों की लिस्ट जारी की है। उन्होंने गठबंधन के सवाल को लेकर कहा कि भाजपा -कांग्रेस को छोड़कर बीएसपी और अन्य छोटे दलों से गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने दोनों राजनीतिक दलों पर टिकट वितरण में रुपयों के लेनदेन के आरोप लगाते हुए कहा कि अगर कोई मजबूत और जनाधार वाला प्रत्याशी बीजेपी -कांग्रेस को छोड़कर आता है तो उसे आरएलपी में जगह मिलेगी।

### जल्द होगा उम्मीदवारों का ऐलान

सांसद हनुमान बेनीवाल ने टिकट वितरण को लेकर कहा कि कुछ सीटों पर आरएलपी मंथन कर चुकी है। पहली सूची जल्द जारी होगी। 29 को पार्टी का पांचवा स्थापना दिवस है। ऐसे में पार्टी स्थापना दिवस पर दूसरी सूची जारी करने का प्रयास किया जाएगा।

### कृषि कानून के विरोध में लड़ी लड़ाई

बेनीवाल ने कहा कि केंद्र की सत्ता छोड़कर कृषि कानूनों के विरोध में 70 दिन तक सड़क पर लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी बड़े दल के रूप में उभर कर आएगी। सत्ता का संकल्प लेकर हम राजस्थान में निकले हैं व्यवस्था को बदलेंगे। किसान कर्ज माफी टोल फ्री नंबर सशक्त लोकायुक्त सहित अनेक मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं।

---

**पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे अजमेर,** पार्टी की जीत की मांगी दुआ

# लीडर तो लड़ाई में उलझे रहते हैं जीत कार्यकर्ता दिलाता है: चन्नी

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान में चुनाव की तैयारियां अपने चरम पर हैं। ऐसे में राज्य की दोनों बड़ी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता राज्य में दौरे के लिए आ रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी अजमेर प्रवास पर रहे। चन्नी ने तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचकर जगत पिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद यहां से पुष्कर के पवित्र सरोवर पैदल ही पहुंचकर पूजा अर्चना की।

यहां से चन्नी अजमेर दरगाह पहुंचे, जहां उन्होंने मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश कर देश में अमन-चैन और खुशहाली के साथ पार्टी की दुआ मांगी। चन्नी ने अजमेर प्रवास के दौरान बजरंगगढ़ स्थित अंबे माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद वे वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश टंडन के घर पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया से चर्चा की। चन्नी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस को कांग्रेस का कार्यकर्ता जीत दिलवाता है। लीडर तो लड़ाई में उलझे रहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक आइडियोलॉजी लेकर चल रहे हैं। उस पर पूरी कांग्रेस चले तो जीत निश्चित है।

चन्नी ने राहुल गांधी के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने और राजस्थान में कांटे की टक्कर को लेकर दिए बयान पर कहा- राहुल गांधी को सच बोलने की आदत है, जो जा नहीं सकती। ये बयान राजनीतिक नहीं है। इससे कोई कार्यकर्ता का मनोबल नहीं गिरेगा बल्कि मनोबल ऊंचा होगा।

**अंबे माता मंदिर में दर्शन व ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत की**



### कांग्रेस की बेसिक आइडियोलॉजी

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा- कांग्रेस की अपनी एक बेसिक आइडियोलॉजी है। अगर कांग्रेसी इससे पीछे नहीं हटे तो कोई भी हमें नहीं हरा सकता। उन्होंने कहा कि वो राहुल गांधी शख्सियत हैं, जो परम्परागत आइडियोलॉजी को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसमें सभी धर्मों का आदर और सभी जातियों का सम्मान सबसे प्रमुख है।

### मुख्यमंत्री गहलोत गरीब और मिडिल क्लास के नेता

मीडिया से बातचीत करते हुए चन्नी ने सीएम अशोक गहलोत को गरीब और मिडिल क्लास का नेता बताया। चन्नी ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में चारों राज्यों में कांग्रेस जीत दर्ज कराएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में आम जन के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं सीएम अशोक गहलोत ने दी हैं। गहलोत गरीब और मिडिल क्लास के नेता हैं और राजस्थान की जनता उन्हें वापस लाना चाहती है। चन्नी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जो INDIA बना है, सब पार्टी ने मिलकर बनाया है। सब धर्मों को साथ लेकर चलना ही उसकी थीम है। हर धर्म की अपनी अहमियत है और इसे लेकर आगे बढ़ना है। यह पूरी देश की राजनीति के लिए है। राज्यों की अलग बात है, देश की बात आती है तो सब एकजुट है।

### पुष्कर राज सरोवर की पूजा-अर्चना की

अजमेर पहुंचने पर स्थानीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने चन्नी का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। चन्नी पहले तीर्थराज पुष्कर पहुंचे, जहां पर श्री ब्रह्मा मंदिर में जगत पिता ब्रह्मा के दर्शन किए। यहां से चन्नी पैदल ही सरोवर के लिए रवाना हो गए। यहां सिख समुदाय के तीर्थ पुरोहित पंडित नानकराम और पंडित विष्णु ने चन्नी को पुष्कर राज सरोवर की पूजा अर्चना करवाई।

---

**ब्लाइंड मर्डर** का खुलासा

# शराब पीने से मना किया तो कर दी हत्या



**बेधड़क** | दौसा

सदर थाना अंतर्गत कालाखो गांव में शुक्रवार रात 65 वर्षीय बुजुर्ग रामजीलाल शर्मा की हत्या के ब्लाइंड मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

पुलिस ने मृतक के गांव के ही निवासी आरोपी दीपक महावर पुत्र बाबूलाल (27) को गिरफ्तार कर लिया। एसपी वन्दिता राणा ने बताया कि शुक्रवार 20 अगस्त की रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच सदर थाना अंतर्गत कालाखो गांव में 65 वर्षीय वृद्ध रामजीलाल शर्मा को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिनकी इलाज के दौरान एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई। बुजुर्ग की हत्या की घटना को गंभीरता से लिया जाकर एसपी राणा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत व सीओ कालूराम मीना के सुपरविजन एवं थाना सदर से एसएचओ गौरव प्रधान व हेड कांस्टेबल भूप सिंह के नेतृत्व में डीएसटी के साथ तीन टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा तकनीकी सहायता व परंपरागत तरीके से मुलजिम की पहचान कर आरोपी दीपक महावर को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अनुसंधान में सामने आया कि शराब पीने से मना करने पर मुलजिम ने आवेश में आकर वृद्ध रामजीलाल की हत्या की थी। घटना के खुलासे में हेड कांस्टेबल भूप सिंह की विशेष भूमिका रही।

---

**दादी की तीये की रस्म** के दौरान हुआ था हादसा

# नहर में डूबे दो चचेरे भाइयों के शव मिले

**बेधड़क** | कोटा

कोटा के बोरखेड़ा अस्सी फीट रोड के पास नहर में तीये की रस्म के दौरान बहे दोनों चचेरे भाइयों कुणाल और विवेक के शव दूसरे दिन रविवार सुबह घटना स्थल से तीन किलोमीटर दूरी पर मिले। दोनों को बचाने के लिए शनिवार दोपहर से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा था। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया।

गौरतलब है कि शनिवार सुबह बुजुर्ग महिला की मौत के बाद तीसरे की रस्म निभाने को लेकर परिवार को लोग नहर में नहाने गए थे। परिवार और रिश्तेदार अस्थियां लेकर पहुंचे थे और रस्में पूरी कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से सभी रिश्तेदार पानी में डूबने लगे। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में परिवार के 6 लोग पानी में डूबने लगे।

जिनमें से चार को निकाल लिया गया। दो चचेरे भाई पानी में बह गए। जिनकी तलाश में नगर निगम के गोताखोर, एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी।

दरअसल, परिवार के मुखिया को नहर में बचाने के दौरान यह पूरा हादसा हुआ। परिवार के बड़े बेटे शंभू कुमार के पुत्र प्रभात ने बताया कि नहर में बह रहे परिवार के तीन लोगों को राहगीरों ने रस्सी की मदद से बाहर निकाल लिया।

जब तीनों बाहर निकले तो पता लगा कि मेरा सगा भाई कुणाल और चचेरा भाई विवेक दोनों भी नहर में गिर गए हैं। दोनों नहर में कैसे गिरे, इसके बारे में भी जानकारी नहीं लग पाई। इसके बाद प्रशासन ने नहर में पानी के बहाव को कम करवाया और तलाश शुरू करवाई।

लेकिन शाम तक दोनों का कुछ पता नहीं लगा था। रविवार सुबह फिर दोनों की तलाश शुरू की गई। घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर दोनों की लाश मिली।



---

**सीकर के नेछवा** थाना इलाके में वारदात

# दो बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर सर्राफा व्यापारी के साथ की लूट

**बेधड़क** | टोंक

सीकर के नेछवा थाना इलाके के काछवा गांव में दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी से लूट हो गई। दो नकाबपोश बदमाश सर्राफा व्यापारी की दुकान में घुसे और वहां से करीब 2 लाख रुपए की नगदी और सोने चांदी के जेवरात लेकर बाहर खड़े अपने तीसरे साथी के साथ बाइक से फरार हो गए। सूचना मिलने पर लक्ष्मणगढ़ डिप्टी और नेछवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लक्ष्मणगढ़ डीवाईएसपी धर्मपाल गिला ने बताया कि लूट की वारदात आज दोपहर काछवा गांव में नासनवा रोड पर हुई।



सर्राफा व्यापारी राजकुमार ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी दुकान में था।

इसी दौरान दुकान में दो बदमाश घुसे जिन्होंने पिस्टल दिखाकर राजकुमार को धमकाया। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में शोपीस के तौर पर रखे सोने-चांदी के जेवरात उठाए और दुकान के गल्ले में रखी 2 लाख रुपए की नगदी लूट ली। व्यापारी राजकुमार ने पुलिस को बताया है कि दोनों बदमाशों के साथ एक तीसरा बदमाश भी था जो दुकान से करीब 50 मीटर दूर बाइक लेकर खड़ा था। जैसे ही दोनों बदमाशों ने लूट की वारदात की वह अपने साथी के साथ बाइक पर बैठ गए और फिर फरार हो गए। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। नजदीकी इलाकों में नाकाबंदी भी करवाई गई है।

---

**100 फीसदी मतदान का लक्ष्य**

# मतदाता को जागरूक करने में जुटा निर्वाचन विभाग

**बेधड़क** | कोटा

राजस्थान की जनता लोकतंत्र के त्योहार की तैयारियों में जुटी हुई है। 23 नवंबर को यहां विधानसभा चुनावों के लिए मतदान होगा, जिसके नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। चुनावी त्योहार के बूते लोकतंत्र में दिए अपने सबसे बड़े अधिकार वोट का कैसे इस्तेमाल करना है, इसको लेकर निर्वाचन विभाग मतदाता को जागरूक करने की मुहिम में जुटा है।

राजस्थान के कोटा में रोजाना अप-डाउन करने वाले मतदाताओं को इस मुहिम के जरिए अपने लोकतांत्रिक अधिकार के इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया जा रहा है। मतदाता को जागरूक करने के लिए कहीं कठपुतलियों का सहारा लिया जा रहा है तो कहीं नुक्कड़ नाटक के जरिए वोट की शक्ति से अवगत कराया जा रहा है। रविवार को जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े ग्रुप ने कोटा से ट्रेन में डेली अप-डाउन करने वाले लोगों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ते हुए नुक्कड़ नाटक "लोकतंत्र का जश्न और प्रभावी जनसंचार के लिए मरम्मत' का मंचन किया। जिला प्रशासन और अलग-अलग संस्थाए भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ऐसे ही कई माध्यमों को अपना रही हैं।




### रेलवे स्टेशन पर किया नुक्कड नाटक

जागरूकता अभियान चलाने वाली संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक किया और इस दौरान यात्रियों ने रुक-रुक कर नाटक देखा। उन्होंने बताया कि नाटक के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया गया और जिला निर्वाचन अधिकारी के उस निर्देश से भी अवगत कराया गया, जिसके तहत जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है उन्हें जल्द से जल्द नाम जुड़वाने की जानकारी दी गई। 22 और 23 अक्टूबर को बूथों पर लग रहे शिवरों में पहुंच कर लोग मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। नाम नहीं होने पर वो कैसे अपना नाम जुड़वा सकते हैं, इसकी जानकारी भी उन्होंने लोगों को दी है।

### 27 अक्टूबर से पहले जुड़वा सकते हैं नाम

वोटर हेल्प लाइन एप की जानकारी देते हुए स्नेहा श्रीवास्तव बताती हैं कि इस एप के माध्यम से मतदाता सूची में 27 अक्टूबर से पहले ही नाम जुड़वाने का संदेश भी दिया गया है। उन्होंने अपने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संस्थान की ओर से सोमवार को चुनाव का शंखनाद शीर्षक आधारित नुक्कड़ नाटक का सार्वजनिक स्थानों पर मंचन किया जाएगा। नाटक के माध्यम से आम मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

---

# माता वैष्णो देवी मंदिर में सजीं फूलों की झांकी



**बेधड़क** | बिलोंची

कस्बे के सरमोड अरावली पर्वत माला पर स्थित रामरुनिजाधाम में स्थित माता वैष्णो देवी के मंदिर में दुर्गाष्टमी के अवसर पर माता के मंदिर को फूलों की झांकी से सजाया गया। रामरुनिजा धाम के महंत श्री श्री 108 रामकुंवार दास महाराज के सानिध्य में माता का भव्य श्रृंगार किया गया।

इस मौके पर पुजारी रामवीरदास बलराम दास हरि महाराज जगदीश घोसल्या सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## अगर बस जाए मन-मस्तिष्क के अंदर, गांधीजी के तीन बंदर

# बुरा मत बोलो... बुरा मत देखो... बुरा मत सुनो...



- महात्मा गांधी के तीन बंदरों का संदेश
- आज के हालात में भी प्रासंगिक

महात्मा गांधी... पतली दुबली काया और साधारण कद काठी वाले इंसान, जिन्होंने देश पर राज कर रहे हैं अंग्रेजों को बिना हथियार या हिंसा के खदेड़ दिया। अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने वाला ऐसा व्यक्तित्व जिनकी एक आवाज ही हजारों भारतीयों के लिए प्रेरणा बन जाती थी। गांधी की छवि, उनके आचार-विचार और प्रतीक आज भी विश्व के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इन्हीं प्रतीकों में से एक है गांधी जी के तीन बंदर। बंदर जो बुरा ना देखने, बुरा न बोलने और बुरा न सुनने का संदेश देते हैं।

## आज के समय में क्या समझाते हैं ये तीनों बंदर

### बुरा नहीं देखना
#### नकारात्मक कंटेंट देखने वालों का व्यवहार बदलने लगता

हंगरी के एक प्रोफेसर जॉर्ज गर्बनर ने 1960 में कल्टीवेशन थ्योरी दी थी। इसमें बताया गया कि व्यावसायिक टीवी कार्यक्रमों में दिखाया जाने वाला सामाजिक व्यवहार किस तरह लोगों के दिलो दिमाग पर असर करता है। ऐसे लोग मीन वर्ल्ड सिंड्रोम के शिकार हो जाते हैं और उन्हें दुनिया में दुख, षड्यंत्र, अनहोनी की आशंकाएं ज्यादा दिखने लगती हैं। उदाहरण के लिए, धारावाहिक देखने वाले लोगों की मानसिकता महिलाओं के प्रति ठीक वैसी हो जाती है, जैसे धारावाहिकों में उन्हें चित्रित किया जाता है।

### बुरा नहीं बोलना
#### जब लोग खुद में नकारात्मकता से बात करते हैं तो मानसिक प्रक्रियाएं प्रभावित

कड़वे बोल अवसाद लाते, इम्युनिटी घटाते बोलने का सीधा संबंध सोचने से है, जैसे व्यक्ति बोलता है, उसका असर उनके दिमाग और शरीर पर होता है। एक बड़े वैज्ञानिक अध्ययन से पता लगा कि जब लोग खुद में ही नकारात्मकता से बात करते हैं तो मानसिक प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में स्थित संघीय विश्वविद्यालय के शोध में पाया गया कि सामाजिक व पारिस्थितिकी कारकों की वजह से व्यक्ति की मानसिक प्रक्रिया प्रभावित होती है, जो अंततः मानसिक अवसाद में पहुंचा देती है। गुस्सा, कड़वे बोल व अन्य उत्तेजित विचारों से फेफड़े तेजी से सांस भरने लगते हैं और मांसपेशियां स्वत: चलने लगती हैं। इससे शरीर का संतुलन बिगड़ता है जो प्रतिरक्षा पर असर करता है।

### बुरा मत सुनना
#### बेहतर व्यवहार के लिए सुनने की सीमा तय करनी होगी

हार्वर्ड बिजनेस समीक्षा के मुताबिक, सुनने की क्षमता आपके व्यक्तिगत ही नहीं पेशेवर व्यवहार के लिए भी बेहद जरूरी है। पर आपको जो कुछ भी सुन रहे हैं, उसे सिद्धांतों के आधार पर तोलना पड़ेगा और गैर- सैद्धांतिक विचारों से दूरी बनानी पड़ेगी। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधार्थी बिलियम क्रिस्ट का कहना है कि सुनने की क्षमता ही सामाजिक संबंध स्थापित करने की पहली शर्त है इसलिए व्यक्ति को दूसरों की बात बहुत धैर्य से सुननी चाहिए मगर उसे यह चुनाव भी करना होगा कि वह किस तरह के विचारों के जरिए यह संबंध स्थापित करना चाहता है क्योंकि यह सब उसके सामाजिक और मानसिक व्यवहार को प्रभावित करता है।



## पीएम मोदी ने ट्रंप को दिया था उपहार



ऐसा नहीं है कि ये बंदर केवल म्यूजियम में देखने के लिए ही हैं, इन्हें उपहार स्वरूप भी भेंट किया जाता रहा है। इसका एक बड़ा उदाहरण है पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप का भारत दौरा। भारत की अपनी पहली यात्रा पर अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम पहुंचे थे। यहां उन्हें महात्मा गांधी के 'तीन बुद्धिमान बंदरों' की संगमरमर की मूर्ति और महात्मा गांधी की आत्मकथा पुस्तक का विशेष संस्करण तोहफे स्वरूप दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को शुभ प्रतीक के रूप में गांधीजी से जुड़ी सदाचार की ताबीज भी भेंट की गई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को तीन बुद्धिमान बंदरों की मूर्ति भेंट की जिसमें एक बंदर 'बुरा मत सुनो, दूसरा बुरा मत देखे और तीसरा बुरा मत कहो' को प्रदर्शित करता है। ट्रंप दंपत्ति को गांधीजी की सदाचार की ताबीज भेंट की गई थी, जिसे उन्होंने अगस्त 1947 में लिखा था। इसमें गांधीजी ने लिखा है कि सार्वजनिक जीवन में लोगों के बारे में निर्णय करने से पहले सबसे गरीब व्यक्ति के चेहरे को याद कर लें।

### 2 अक्टूबर, 1869 को हुआ था जन्म

मोहनदास करमचंद गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को भारत के पश्चिमी तट पर एक तटीय शहर पोरबंदर में हुआ था। पोरबंदर उस समय बंबई प्रेसीडेंसी, ब्रिटिश भारत के तहत एक छोटी सी रियासत काठियावाड़ में कई छोटे राज्यों में से एक था। उनका जन्म एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार से लेकर राष्ट्रपिता बनने तक का सफर इतना आसान नहीं था। सत्य, अहिंसा जैसे मूल्यों के जरिए ही गांधी जी ने हर भारतीय के दिल में अपनी जगह बनाई।

### अहम हैं गांधी जी के तीन बंदर

अब बात गांधी जी के तीन बंदरों की। गांधी जी के तीन बंदर बेहद महत्वपूर्ण है। तीन बंदर जो मानव प्रवृत्ति में जरूरी बदलावों को दर्शाते हैं। समाज में व्याप्त बुराइयों से दूर रहने का संदेश देते हैं। बात राजनीतिक परिप्रेक्ष्य की हो या सामाजिक दृष्टिकोण की बुराइयों से बचते हुए अच्छाइयों को समावेश करना ही इनका ध्येय है। किसी भी तरह की बुराई को ना सुनने से मन में बुराई घर नहीं बना पाएगी। बुरा बोलेंगे नहीं तो किसी का दिल दुखाएंगे नहीं और बुरा देखेंगे नहीं तो सब अच्छा नजर आएगा।

### ये तीनों हैं प्रतीक चिह्न

1. **मिजारू बंदर**- दोनों हाथों से अपनी दोनों आंखें बंद रखा यह बंदर बुरा न देखने का संदेश देता है।
2. **किकाजारू बंद**- अपने दोनों हाथों से दोनों कानों को बंद रखा यह बंदर बुरा न सुनने की बात कहता है।
3. **इवाजारू बंदर**- अपने दोनों हाथों से अपना मुंह बंद करने वाले बंदर का संदेश बुरा न बोलने से जुड़ा है।

### चीन से आए ये बंदर

अब सवाल यह आता है कि ये बंदर आए कहां से। इस बारे में कहा जाता है कि एक दिन चीन का एक प्रतिनिधिमंडल महात्मा गांधी से मिलने आया। बातचीत के बाद उन लोगों ने गांधी जी को एक भेंट देते हुए कहा कि यह एक बच्चे के खिलौने से बड़े तो नहीं हैं लेकिन हमारे देश में बहुत ही मशहूर हैं। गांधी जी ने तीन बंदरों के सेट को देखकर बहुत खुश हुए। उन्होंने इसे अपने पास रख लिया और जिंदगी भर संभाल कर रखा। इस तरह ये तीन बंदर उनके नाम के साथ हमेशा के लिए जुड़ गए। माना जाता है कि ये बंदर बुरा न देखो, बुरा न सुनो, बुरा न बोलो के सिद्धांतों को दर्शाते हैं।

### जापान से भी है नाता

गांधीजी के इन तीन बंदरों को जापानी संस्कृति से भी जोड़ा जाता है। 1617 में जापान के निक्को स्थित तोगोशु की समाधि पर यही तीनों बंदर बने हुए हैं। माना जाता है कि ये बंदर चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस के थे और आठवीं शताब्दी में ये चीन से जापान पहुंचे। जापान में इन्हें 'बुद्धिमान बंदर' माना जाता है और इन्हें यूनेस्को ने अपनी वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया है।

### संग्रहालय में रखे गए हैं

अब एक बात जो मन में उठती है, वो यह है कि अब ये तीन बंदर आखिर हैं कहां। इन्हें देखना हो तो कहां जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक गांधीजी की मृत्यु के बाद तीनों बंदरों को उनकी याद स्वरूप नई दिल्ली के राजघाट स्थित राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय में रखवा दिया गया था। इन तीनों बंदरों को आज भी राष्ट्रीय संग्रहालय में देखा जा सकता है।

## कुछ बातें, जो गांधी को महात्मा बनाती हैं

- गांधी के विचार सत्य व अहिंसा से ओत प्रोत थे। उनके मुताबिक मानव मात्र में ईश्वर का वास होता है। वे कहते थे कि सत्य ईश्वर है. जीवंत गुण है। जीवन है, विचारों का साक्षी है। राजा हरिश्चंद्र की बचपन में सुनी कहानी से बापू आजीवन प्रेरणा लेते रहे और सत्याचरण को ईश्वर सेवा मानते रहे। उन्होंने अपनी आत्मकथा को 'सत्य के प्रयोग' कहा।
- उनका मानना था कि अहिंसा परमवीर की पहचान है। हथियारों से दुनिया जीतना आसान है, मनोवृत्तियों पर विजय पाना बहुत दुष्कर है। अहिंसा प्रेम का सिद्धांत है, प्रकृति के प्रत्येक जीव का संरक्षण मनुष्य का कर्तव्य है। विरोधी के प्रति बदले की भावना रखे बिना हक के लिए अड़े रहना ही वीरत्व भाव है।
- ब्रह्मचर्य चरित्र की कुंजी है। ईश्वर आस्था के बिना इसे पाना लगभग असंभव है। दंपति का संतान प्राप्ति के लिए ही संसर्ग करना उचित है। पति-पत्नी एक दूसरे के सहचर हैं, दास नहीं। ब्रह्मचर्य व्रत से व्यक्ति दीर्घजीवी और निरोग होता है।
- त्याग या अपरिग्रह मनुष्य को हल्का बनाते हैं। वस्तुएं भार बढ़ाती हैं। गांधी कहते थे कि उन्हें शीघ्र ही यह एहसास हो गया कि मानव जाति की सेवा करनी है तो उन्हें अपना सर्वस्व त्याग देना है। ईसा, मोहम्मद, बुद्ध, नानक, कबीर, चैतन्य, शंकर, दयानंद, रामकृष्ण आदि महापुरुषों ने भी जानबूझकर निर्धनता का वरण किया।
- गांधी ने रोटी के लिए शारीरिक श्रम का सिद्धांत दिया था। बापू मानते थे कि बगैर श्रम के भोजन लेना पाप है। एक चिकित्सक और इंजीनियर के समान ही नाई व बढ़ई आदि का कौशल है। बौद्धिक प्रयासों को प्रत्येक व्यक्ति को निशुल्क ही जनसेवा में लगाना चाहिए। शारीरिक श्रम प्रत्येक के लिए अनिवार्य होना चाहिए।

### एक चीनी राशि
#### हंसमुख और बुद्धिमान होते हैं

चीन और जापान से इन तीन बंदरों का संबंध बताया जाता रहा है। एक खास बात यह है कि चीनी ज्योतिष में मौजूद राशियों में बंदर एक राशि होती है। यह काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। माना जाता है कि बंदर वर्ष से संबंध रखने वाले व्यक्ति काफी हंसमुख और खुशमिजाज प्रवृत्ति के माने जाते हैं। ये बुद्धिमान होते हैं, उत्सुक होते हैं और हमेशा ऊर्जा से भरे रहते हैं। सामान्य तौर पर ये लगभग हर वह चीज हासिल कर लेते हैं जो इन्होंने तय किया होता है।

कन्टेंट/ डिजाइन : अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

स्व. भैरोंसिंह शेखावत की जन्म शताब्दी वर्ष पर विशेष

# आत्मीय संबंधों की डोर से बांधे रखने वाले राजनीतिज्ञ



**कलराज मिश्र**
राज्यपाल, राजस्थान

*"सबसे जुदा उनका वह व्यक्तित्व है जिसमें हरेक दल का प्रमुख राजनेता उनके अपनेपन की डोर से अपने को बंधा पाता था। उनके साथ की बहुत सारी स्मृतियां हैं। राजनीतिक सोच से ऊपर उठकर हरेक दल के लोगों से आत्मीय संबंध स्थापित करने वाले वह आदर्श व्यक्तित्व थे।"*

यह वर्ष देश के पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत का जन्म शताब्दी वर्ष रहा है। उन्हें याद करने का अर्थ है, राजनीति की उस परम्परा का स्मरण, जिसमें दलीय सोच से ऊपर उठकर राजनेता अपना उदात्त व्यक्तित्व निर्मित करते हैं। भैरोसिंह जी ऐसे ही थे। राजनीति में रहते हुए भी उसकी संकीर्णता से वह सदा दूर रहे। संवैधानिक मामलों के मर्मज्ञ विद्वान भैरोंसिंह शेखावतजी राजनीतिक शुचिता से जुड़े विरल व्यक्तित्व थे। मुझे यह भी लगता है, वह व्यक्ति नहीं अपने आप में संवैधानिक संस्था थे। संवैधानिक पदों पर रहते हुए उन्होंने उन संस्थानों के ऐसे आदर्श स्थापित किए, जिन्हें चाहकर भी कोई भुला नहीं सकता है।

वह राज्य सभा के सदस्य रहे। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद भी उन्होंने बखूबी संभाला। लोकतंत्र की इसी यात्रा से वर्ष 2002 में देश के उपराष्ट्रपति के प्रतिष्ठित पद के लिए उन्हें चुना गया, पर इन सबसे जुदा उनका वह व्यक्तित्व है जिसमें हरेक दल का प्रमुख राजनेता उनके अपनेपन की डोर से अपने को बंधा पाता था। उनके साथ की बहुत सारी स्मृतियां हैं। राजनीतिक सोच से ऊपर उठकर हरेक दल के लोगों से आत्मीय संबंध स्थापित करने वाले वह आदर्श व्यक्तित्व थे। मैं यह मानता हूं कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता को कैसे बनाए रखा जाए, यह उनसे सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 'अन्त्योदय योजना', 'काम के बदले अनाज' जैसी जो योजनाएं प्रारंभ की उससे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही जनता का ही भला नहीं हुआ, बल्कि देशभर के अन्य राज्यों ने भी उनकी इन योजनाओं को अपनाकर लोकप्रियता प्राप्त की। मुझे उनका जो सबसे विशिष्ट पहलू नजर आता है वह है, उनका 'बाबोसा' का रूप। प्यार से लोग उन्हें 'बाबोसा' कहते थे और यह संबोधन इसलिए उनके साथ जुड़ गया कि पहले लोग सरकार तक आते थे और उनके कार्यकाल में सरकार को लोगों तक पहुंचाने का कार्य हुआ।



*देश की सबसे बड़ी योजना 'अंत्योदय' कैसे प्रकाश में आई, इसकी थोड़ी-बहुत जानकारी मुझे हैं। भैरोंसिंह जी संविधान की संस्कृति से निकट से जुड़े हुए थे। उन्होंने दरिद्र नारायण के उत्थान के लिए इस योजना को मूर्त रूप दिया। हमारा संविधान जिस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात करता है, उस सारे की पालना 'अन्त्योदय' में समाहित है।*

'बाबोसा' वह होता है, जो सबका ख्याल रखता है। सच में वह बहुत मिलनसार थे। आप खुद आकलन करें, उनके संवैधानिक कार्यों का कि उन्होंने जमींदारी घराने से होते हुए जमींदारी उन्मूलन का समर्थन किया।

विरोध के बावजूद रूप कंवर सती मामले में सती प्रथा की निंदा की। गरीबों को अधिकार दिलाने के लिए राज की योजनाओं को उन तक पहुंचाने की व्यवस्था की। मैंने स्व. भैरोंसिंह शेखावत जी को बहुत निकट से देखा है। वह जैसे थे वैसा ही दिखने का प्रयास करते थे। मैं हिंदी बोलता और यह अनुभव करता था कि वह अपनी हिंदी में भी मारवाड़ी शब्द बार-बार ले आते थे। यह उनके संस्कार थे। मैंने कईं बार उनको कोई काम बताया और खुद भूल जाता, पर आश्चर्य होता था कि कुछ समय बाद वह उसके पूरा किए जाने की जानकारी देते थे। छोटी से छोटी बात को वह याद रखते थे। कोई राय उन्हें अधिकारियों से भी मिलती तो उसकी पड़ताल करते थे। कई बार बड़ी-बड़ी जनसभाओं में मैंने देखा अंतिम छोर पर कोई व्यक्ति खड़ा है और वह दूर से ही उसका नाम लेकर उसे पास बुलाते थे, उसके पास चले जाते थे, यह मूल्य थे, उनके जन सरोकार थे। लोकतंत्र इसी से सुदृढ होता है। जिन्होंने आपको चुनकर संसदीय संस्थाओं में भेजा है, उनके बारे में आपको पूरा-पूरा ज्ञान हो। अपने कार्यकर्ताओं ही नहीं आम जन से भी आपका इस तरह से जुड़ाव हो। देश की सबसे बड़ी योजना 'अंत्योदय' कैसे प्रकाश में आई, इसकी थोड़ी-बहुत जानकारी मुझे हैं। भैरोंसिंह जी संविधान की संस्कृति से निकट से जुड़े हुए थे।

उन्होंने दरिद्र नारायण के उत्थान के लिए इस योजना को मूर्त रूप दिया। हमारा संविधान जिस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात करता है, उस सारे की पालना 'अन्त्योदय' में समाहित है। भैरोसिंह जी ने अन्त्योदय को मानवीय संवेदना से जोड़ा। ऐसे ही उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों से हर आम और खास का नाता कराया। राजनीतिक सूझ के साथ उदात्त मानवीय मूल्यों के पक्षधर वह संबंध निभाने के उस कौशल से जुड़े थे, जिसमें अपने-पराए का भेद समाप्त हो जाता है। उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके बताए आदर्श संवैधानिक मूल्यों पर चलते हुए सद्भाव की संस्कृति को आत्मसात करें। राजनीति में शुचिता स्थापित करते हुए अपनेपन का संसार रचें।

भारतीय शेयर बाजार


# यह नए निवेश का नहीं, प्रतीक्षा का समय



**विमल कोठारी**
वरिष्ठ पत्रकार

*"भारतीय बाजार में सुधार की संभावनाओं के बावजूद एफआईआई की बिकवाली पर फिलहाल कोई खास असर पड़ता नजर नहीं आ रहा। एफआईआई ने गत सप्ताह 2799.08 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों-डीआईआई ने 3510.97 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का जवाब दिया।"*

भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह एक बार फिर मंदी की गिरफ्त में आए हैं, लेकिन इसके लिए मध्य पूर्व के देशों में बढ़ता तनाव और इजराइल और हमास के बीच बढ़ता संघर्ष जिम्मेदार बताया जाता है। मौजूदा स्थिति में शेयर बाजार असंमजस की स्थिति में है, ऐसे में यह कहा जा सकता है कि यह समय नया निवेश का नहीं बल्कि उचित समय की प्रतीक्षा करने का है। विश्लेषकों का यह मानना है कि बाजार में कभी भी ना तो एक तरफा तेजी चल सकती और ना ही मंदी। कुछ विशेषज्ञ तो बाजार में गिरावट को निवेश का मौका तक करार देते हैं, ऐसे लोगों का मानना है कि परिस्थितियों के आधार पर आम निवेशकों को शेयर सूचकांक की तेजी मंदी को छोड़कर अपनी निवेशित कम्पनियों के कार्य परिणामों पर ध्यान केन्द्रित कर आगे के निर्णय लेने चाहिए, क्योंकि आम निवेशक को सूचकांक नहीं शेयर कमा कर देते हैं।



बाजार में गिरावट का कारण भारतीय कम्पनियों के अब तक जारी छमाही कार्यपरिणामों में मिले जुले नतीजे, कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल को भी माना जा रहा है, इसके अलावा अमेरिकी बाण्ड की यील्ड भी 2007 के बाद पहली बार बढ़कर 5 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई, जिससे विदेशी निवेशकों का इसमें आकर्षण बढ़ा है और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय बाजारों में बिक्री लगातार जारी रही। वैसे पिछली छमाही में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के राजस्व आंकड़े और इसमें हुई शानदार वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर इशारा कर रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि निवेशक किसी टिप पर निवेश करने के स्थान पर मजबूत समझी जाने वाली कम्पनियों में टूकड़ों में निवेश करने की रणनीति पर कार्य करें और शेयरों की खरीद बिक्री के लक्ष्य तय कर काम करें तो निसंदेह उन्हें इसी कलेण्डर वर्ष में अच्छा मुनाफा कमाने का मौका मिल सकता है। पिछले सप्ताह की बात करें तो 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में गिरावट का रुख रहा। भारतीय बाजार में सुधार की संभावनाओं के बावजूद एफआईआई की बिकवाली पर फिलहाल कोई खास असर पड़ता नजर नहीं आ रहा। एफआईआई ने गत सप्ताह 2799.08 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों-डीआईआई ने 3510.97 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का जवाब दिया। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 885.12 अंक अर्थात 1.34 फीसदी की गिरावट रही और बीएसई सूचकांक 66282.74 अंक से घटकर 65397.62 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 208.40 अंक अर्थात 1.06 फीसदी की गिरावट रही और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19751.05 अंक से घटकर 19542.65 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक में पिछले सप्ताह 1.31 फीसदी की मंदी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में इसके उलट 0.04 फीसदी की मामूली तेजी का रुख देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक में भी पिछले सप्ताह 1.55 फीसदी की व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 1.64 फीसदी की गिरावट रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां अभी भी गिरावट का रुख जारी है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो शेयर बाजार में गिरावट व अन्तरराष्ट्रीय माहौल में तनाव का असर सोने-चांदी पर पड़ रहा है। जयपुर में इस सप्ताह सोने के दामों में 1350 रुपए दस ग्राम की तेजी के साथ यह शनिवार को 62,350 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 1500 रुपए की तेजी के साथ 74,600 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि सीजन में होने वाली खरीद की संभावनाओं और आगामी शादियों के सीजन के कारण सोने व चांदी के भावों में अब और सुधार की संभावनाएं अधिक है।

इस सप्ताह में बाजार के रुख के बारे में कारोबारियों का कहना है कि मंगलवार को बाजार में विजयादशमी का अवकाश रहेगा, इसके बाद गुरुवार को वायदा बाजार की मासिक कटान है। ऐसी स्थिति में भारतीय बाजारों में भी अनिश्चितता का माहौल बना रहेगा। यदि बाजार में थोड़ा सुधार आता है तो यह आने वाले समय में मंदी का संकेत होगा, ऐसे में निवेशकों को सतर्कता बरतनी चाहिए। कारोबारियों का मानना है कि वर्तमान समय, नया निवेश करने का नहीं है। यह भी आंकलन किया जा रहा है कि बाजार में अच्छे भावों पर चल रही कुछ कम्पनियों का प्राइस अर्निंग रेश्यो-पीई काफी अधिक है, जो इन कम्पनियों के लिए खतरे का संकेत भी है।

कम्पनियों के छमाही नतीजों की घोषणाएं हो रही है, जिस कम्पनी में निवेश करना पसंद हो, निवेशकों को उसके कार्य परिणाम पहले देखने चाहिए। शेयर बाजार में आगामी तेजी से पहले सेंटीमेंट में सुधार होना जरूरी है। दीर्घावधि के लिए कारोबारियों की पसंद बिक्री में लगातार वृद्धि के कारण ऑटोमोबाइल सेक्टर है, इसी तरह कोयले की कीमतों में वृद्धि के कारण विंड पावर सेक्टर के शेयरों को सुरक्षित निवेश माना जा रहा है। शेयर विशेष की बात करें तो कारोबारी दीर्घावधि के लिए चम्बल फर्टिलाइजर, नेस्ले, जैन इरिगेशन, युनिवर्सल कैबल आदि को सुरक्षित मानते हैं। लेकिन यदि बाजार में सेंटीमेंट वीक रहेंगे तो अच्छे कहे जाने वाले शेयरों में भी गिरावट का रुख रह सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में एक नया आईपीओ ब्लू जेट हैल्थ केयर का आ रहा। देश में सबसे पहले शक्कर का विकल्प सैकरीन बनाने वाली यह कम्पनी महज दो रुपए फेसवैल्यू का यह शेयर कम्पनी 329 से 346 रुपए प्रति शेयर के भारी-भरकम मूल्य पर ऑफर फॉर सेल के माध्यम से निवेशकों को प्रस्तावित कर रही है। इसी तरह एसएमई सेक्टर में इस सप्ताह चार आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध रहेंगे। आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों को कम्पनी के वित्तीय कार्य परिणामों और मांगे जाने वाले प्रीमियम के आधार पर जोखिम का आंकलन करने के बाद ही निवेश का निर्णय करना चाहिए। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो इस सप्ताह केवल एक नया ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी, जीटीपी हेल्थ केयर लिमिटेड का पेश हुआ है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# डाटा कर गया टाटा!



**रेखा शाह आरबी**
व्यंग्यकार

मनुष्य की रगों में जितना खून नहीं दौड़ रहा है। उससे ज्यादा सोशल मीडिया दौड़ता है। हर कोई सोशल मीडिया वीर बना बैठा है। लोगों के रगों में सोशल मीडिया के इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप, फेसबुक खून में प्रवाहित होता रहता है। थोड़ी देर इससे दूर रहते हैं तो उनकी इम्यूनटी कम होने लगती है। और उनकी सांस फूलने लगती है।जिस तरह किसी भी बैटरी को चार्ज होने के लिए बिजली के सम्पर्क में लाया जाता है। वैसे ही लोग सोशल मीडिया से खुद को रिचार्ज कर रहे हैं। अब यह मतिभ्रम वाला ही मामला है कि वह रिचार्ज हो रहे है कि डिसचार्ज हो रहे है।

लोगों के लिए 1GB डाटा तो गरीब के घर का आटा हो चुका है। घर में आया नहीं कि खत्म भी हो जाता है। मोबाइल में आया नहीं कि देखते ही देखते चट कर जाते हैं। ऐसा मुझे पहले लगता नहीं था। लेकिन चतुरी भैया के घर में मचे भीषण बवाल के बाद मुझे यह कहना पड़ रहा है। चतुरी भैया के घर में चार स्मार्टफोन है। लेकिन रिचार्ज इतना महंगा हो चुका है कि महंगाई के जमाने में एक ही मोबाइल किसी तरह रो गाकर रिचार्ज करवा पाते हैं।यह चतुरी भैया की आर्थिक दशा तो पाकिस्तान जैसे ही हैं । घर में भले ही खाने को आटा नहीं है लेकिन उनको रईसी हिंदुस्तान वाली चाहिए। वह कहावत तो आपने सुना होगी " कर्जा लेकर घी पीना " वाली। खैर चतुरी भैया को कर्ज तो नहीं लेना पड़ता। लेकिन रिचार्ज करवाने के चक्कर में बहुत कुछ कंप्रोमाइज जरूर करना पड़ जाता है । फिर भी 1GB डाटा के खुशी में इतना त्याग तो चलता है।

पूरे परिवार को चूंकि अपने-अपने व्हाट्सएप, इंस्टा, फेसबुक चलाने थे। तो डाटा भी चाहिए और डाटा मिलता था चतुरी भैया के मोबाइल में ही, सबको हॉटस्पॉट के द्वारा, वह प्रसाद के जैसे बांट देते थे । लेकिन कल रात उनके परिवार के किसी एक ने रात 12:00 ही पूरा 1GB डाटा को अपने अकेले का माल समझ कर पी गया। सुबह-सुबह जब और लोगों ने मोबाइल खोला तो डाटा ही नदारद उसके लिए सभी एक दूसरे पर पिल पड़े । और सभी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने लगे । लेकिन अब क्या हो सकता था डाटा तो टाटा करके जा चुका था। सभी के चेहरे ऐसे लटक चुके थे लगता था । कितनी भारी चीज चोरी हो चुकी है। हाय रे सोशल मीडिया हाय रे सोशल मीडिया के भक्त। सबको जानना था कि आखिर 1GB डाटा किसके पेट में गया। इसकी मरोड़ सबको उठ रही थी।बच्चे अलग उत्पाद उत्पन्न कर रहे थे। पत्नी अलग आग बबूला होकर भड़क रही थी। और चतुरी भैया इन सभी को समझने में व्यस्त थे। लेकिन कोई समझने को तैयार नहीं था। दाल- चावल -आटा होता तो पड़ोसी से मांगकर काम चला लेते । लेकिन डाटा के लिए किसके पास जाएं । आज की जमाने में सबसे अच्छा मित्र यदि किसी को माना जाता है वो जो बुरे वक्त में साथ खड़ा रहता है ।और उससे भी ज्यादा शुभचिंतक उसको माना जाता है । जो मोबाइल में नेट खत्म हो जाने पर अपने दिल को बड़ा करके अपना हॉटस्पॉट आपके लिए उपलब्ध करा दे। बहुत बड़ा दिल होता है ऐसे मित्रों का, लेकिन चतुरी भैया के इतने मधुर संबंध किसी से भी नहीं थे की कोई उनको डाटा उपलब्ध करवा देता। और उनका पड़ोसी तो उनका जन्मजात दुश्मन हैं । उनके घर में वाई-फाई लगा हुआ है लेकिन क्या मजाल की कभी पासवर्ड दे देते। बच्चे अलग परेशान थे और बच्चों की मां अलग तूफान मचाए हुए थी । सबका मोबाइल फोन कर चेक किया गया तो पता चला चतुरी भैया ने गलती से एक लंबी चौड़ी फाइल डाउनलोड कर ली थी। और उसी में सारा डाटा टाटा करके चला गया। अब बच्चे दो दिन तक भैया को ज्ञान देंगे कि क्या मोबाइल में खोलना चाहिए और क्या नहीं खोलना चाहिए जिससे कि डाटा सुरक्षित रहे।


नॉलेज कॉर्नर: दूरदर्शन के रामायण और महाभारत का प्रसारण हुआ था लोकप्रिय

# 1928 में बना पहला कलर टेलीविजन

मोबाइल के जमाने से पहले आमजन देश दुनिया को देखने और मनोरंजन करने का एक मात्र साधन था टेलीविजन। आज भी भारतीय महिलाओं द्वारा अधिकतर टेलीविजन को देखा जाता हैं। हालांकि सोशल मीडिया के बढते दौर के बाद टीवी देखने वालों का रुझान काम हुआ है लेकिन आज भी लोग मोबाइल से ज्यादा टीवी देखना पसंद करते हैं। लेकिन अधिकतर लोग टीवी के अविष्कार बारे में नहीं जानते हैं। आइये आज के नॉलेज कॉर्नर में टीवी के अविष्कार को लेकर अधिक पढ़ते हैं। ..

## 1940 में पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग

कलर टेलीविजन का आविष्कार भी जॉन लोगी बेयर्ड ने साल 1928 में किया था, जबकि पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग 1940 से शुरू हुई थी। साल 1940 से इसकी पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग शुरू हुई थी। हर साल 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। टेलीविजन एक ऐसा मास मीडियम है जहां ऑडियो-विजुअल कम्युनिकेशन के जरिए आपको मनोरंजन, शिक्षा, समाचार, राजनीति, गपशप आदि की जानकारी एक जगह बैठे-बैठे मिलती है।



हालांकि टीवी का आविष्कार एक स्कॉटिश इंजीनियर, जॉन लोगी बेयर्ड ने साल 1924 में कर लिया था, यह ब्लेक एंड व्हाइट था। इसके बाद साल 1927 में फिलो फार्न्सवर्थ ने दुनिया के पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण किया था, जिसे 01 सितंबर 1928 को प्रेस के सामने पेश किया गया था।

## भारत में 1959 शुरुआत

साल 1924 में सर्च टेलीविजन के आविष्कार के तीन दशक बाद टीवी ने भारत में दस्तक दी थी। जानकारी के अनुसार 15 सितंबर, 1959 को यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक और कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन की मदद से देश में सर्च टेलीविजन की शुरुआत हुई थी। उस समय में सर्च टीवी की शुरुआत 'ऑल इंडिया रेडियो' के तहत हुई थी और आकाशवाणी भवन की पांचवीं मंजिल पर टीवी का पहला ऑडिटोरियम बना था। सर्च टीवी के इस पहले ऑडिटोरियम का उद्घाटन देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था। शुरुआती दौर में टेलीविजन पर हफ्ते में दो बार दिन में एक घंटे के लिए प्रोग्राम चलाए जाते थे। इस कार्यक्रमों में सामुदायिक स्वास्थ्य, यातायात, सड़क नियम, नागरिकों के कर्तव्यों और अधिकारों जैसे विषय दिखाए जाते थे।

**लोगों ने किया भरपूर मनोरंजन**

*भारत में दूरदर्शन ने लंबे समय तक लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। दूरदर्शन के माध्यम से बुनियाद, रामायण और महाभारत जैसे प्रतिष्ठित शो प्रसारित किए गए, जिनको लोगों का अपेक्षित प्यार व स्नेह मिला। इसके बाद 26 जनवरी 1993 को दूरदर्शन ने अपना अपना दूसरा चैनल डीडी 2 के नाम से लॉन्च किया।*

कंटेंट: श्रवण भाटी



**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
पूरी होती सबकी जरूरत
मिलती #बचत_राहत_बढ़त इसलिए तो बोलती हर जुबान। कांग्रेस को ही फिर से मतदान।।




**तेलंगाना विधानसभा चुनाव:** भाजपा ने 55 उम्मीदवारों की सूची जारी

# निलंबन रद्द कर राजा सिंह को टिकट, KCR के खिलाफ राजेंद्र मैदान में

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने रविवार को 52 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है।

पार्टी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ अपने विधायक इटाला राजेन्द्र को उम्मीदवार बनाया है, जबकि पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष बंदी संजय कुमार समेत अपने तीन सांसदों को भी चुनाव के मैदान में उतारा है। राजेन्द्र ने केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ने की पहले ही इच्छा जताई थी। पार्टी की पहली सूची में टी राजा सिंह का नाम भी है। पार्टी ने हिंदूवादी नेता टी राजा सिंह को उनका निलंबन रद्द करने के बाद गौशमहल सीट से मैदान में उतारा है। सिंह का निलंबन शनिवार रात रद्द किया गया। राजा सिंह को एक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड किए गए वीडियो में मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी करने पर पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। सिंह तेलंगाना में पार्टी के इकलौते विधायक हैं। पार्टी ने 12 महिलाओं को भी उम्मीवार बनाया है।







### टी राजा सिंह ने जताई खुशी

भाजपा विधायक सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आगामी 2023 विधानसभा चुनाव के लिए गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र में मुझे भाजपा के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए मैं भाजपा नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

### तीन सांसदों को यहां से मिला टिकट

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश व करीमनगर से सांसद बंदी संजय कुमार को करीमनगर विधानसभा क्षेत्र से, निजामाबाद के सांसद अरविंद धर्मापुरी को कोराटला विधानसभा क्षेत्र से और आदिलाबाद के सांसद सोयम बाबू राव को बोआथ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, इटाला राजेंद्र को हुजुराबाद और गजवेल की दो सीटों से उतारा गया है, जहां उनका मुकाबला सीएम केसीआर से है। पार्टी ने जिन महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है उनमें डॉ. बोगा श्रावणी (जगतियाल), कंडूला संध्या रानी (रामागुंडम), बोडिगा शोभा (चोपाडांडी) और रानी रुद्रमा रेड्डी (सिरसिला) प्रमुख हैं।

### 8 एससी, 6 एसटी उम्मीदवार मैदान में

पहली सूची में पार्टी ने असूचित जाति (एससी) के 8 जबकि अनुसूचित जनजाति (एसटी) के 6 प्रत्याशियों भी टिकट दिया है।

### उम्मीदवारों की क्षमता पर ध्यान, नए चेहरों पर जोखिम नहीं उठाना चाहती पार्टी

विधानसभा चुनावों के लिए तीन सांसदों को मैदान में उतारने की पार्टी की रणनीति पर, वरिष्ठ भाजपा नेता एन रामचंदर राव ने कहा कि पार्टी उम्मीदवारों की क्षमता पर ध्यान देती है। मूल रूप से, भाजपा का विचार संभावित उम्मीदवारों को रखना है, ताकि जीतने की संभावना अधिक हो और विधानसभा में प्रतिनिधित्व भी अधिक हो। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी नए चेहरों को मैदान में उतारकर जोखिम नहीं लेना चाहेगी।

## कांग्रेस प्रत्याशियों ने नहीं बताया आपराधिक रिकॉर्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विपक्षी दल भाजपा ने रायपुर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के पास शिकायत दर्ज कराकर 83 कांग्रेस उम्मीदवारों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने चयन के 48 घंटे के भीतर निर्वाचन आयोग को अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी नहीं दी। दूसरी ओर, कांग्रेस ने भाजपा पर सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों पर झूठे आरोप लगाने का दावा किया है। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को टिकट नहीं दिया है और वे चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा करेंगे। भाजपा के राज्य विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जय प्रकाश चंद्रवंशी ने एक बयान में कहा कि शनिवार को सीईओ को सौंपी गई शिकायत में भाजपा ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश का हवाला दिया है।

## मध्य प्रदेश: कई दिग्गज नेताओं के दौरे इसी माह

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की अधिकतर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही विभिन्न दलों का प्रचार अभियान भी अब गति पकड़ने वाला है। विभिन्न दलों के केंद्रीय नेता अगले कुछ दिनों में राज्य का दौरा करेंगे। केन्द्रीय मंत्री व भाजपा नेता नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह तथा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का इसी माह राज्य का दौरा प्रस्तावित हैं। गडकरी 25 अक्टूबर को नरसिंहपुर आएंगे। इसी दिन केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसी तरह इंदौर-1 से से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय 26 अक्टूबर को नामांकन फार्म जमा करेंगे। उस दौरान रोड पार्टी के रोड शो में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल रहेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 28 अक्टूबर को छतरपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**सरकारी योजनाओं के प्रचार को लेकर** भाजपा-कांग्रेस में वाकयुद्ध

# सरकारी मशीनरी का प्रयोग: खरगे कांग्रेस को गरीबों से परेशानी: नड्डा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बीच केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भाजपा के चुनावी अभियान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है। जिस पर पलटवार करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को देश के गरीबों की सेवा करने वाले अधिकारियों और लोक सेवकों से परेशानी है। पार्टी देश की जनता की गरीबी दूर होते नहीं देख सकती।

मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार हमेशा केवल प्रचार में ही लगी रहती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,जब उनके (मोदी सरकार) खिलाफ देश में एक माहौल बन रहा है, तब उन्होंने एक आदेश निकाला है कि अफसर अब उनकी सरकार के प्रचार के लिए 'रथ प्रभारी' बनेंगे। अब वो सरकारी काम छोड़कर सरकार की रथ यात्रा निकालेंगे।

### रथ यात्रा निकालना अफसरों का काम नहीं



मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, सरकारी अफसरों का काम रथ यात्रा निकालना नहीं है, फौजी का काम सरकार का प्रचार करना नहीं है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि अफसरों और फौजियों का इस तरह से कोई सरकार प्रचार के लिए इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा,अपनी योजनाओं के प्रचार के लिए फौजियों और अफसरों का इस्तेमाल मत कीजिए। खरगे ने भाजपा पर देश को कमजोर करने और लोकतांत्रिक प्रणाली को खत्म करने का आरोप लगाया है और कहा, इसीलिए हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है और इन आदेशों को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया है।

### कांग्रेस की रुचि गरीबों को गरीब रखने में



मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों पर भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि, मुझे यह देखकर हैरानी होती है कि कांग्रेस पार्टी को योजनाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर तक पहुंचने वाले लोक सेवकों से दिक्कत है। उन्होंने सवाल किया कि अगर शासन का मूल सिद्धांत यह नहीं है, तो क्या है। अगर मोदी सरकार सभी योजनाओं की परिपूर्णता सुनिश्चित करना चाहती है और सभी लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित करना चाहती है तो गरीबों के हित को ध्यान में रखने वाले किसी भी व्यक्ति को समस्या नहीं हो सकती है। लेकिन कांग्रेस की रुचि केवल गरीबों को गरीबी में रखने में है और इसलिए वह परिपूर्णता अभियान का विरोध कर रही है।

### खरगे ने यह कहा पीएम को पत्र में

खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि अधिकारियों से पिछले नौ साल की उपलब्धियां बताने का सरकार का हालिया आदेश 'नौकरशाही का राजनीतिकरण' है। उन्होंने अपने पत्र में 18 अक्तूबर को जारी सरकारी आदेश पर आपत्ति जताई है, जिसमें दावा किया गया था कि संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को भारत सरकार के पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों को बताने के लिए रथ प्रभारियों के रूप में देश के सभी 765 जिलों में तैनात किया जाना है।

### केंद्र सरकार की मार्केटिंग के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात करने का लगाया आरोप

खरगे नौ अक्तूबर, 2023 के रक्षा मंत्रालय के एक अन्य आदेश का भी जिक्र किया, जिसमें वार्षिक अवकाश पर सैनिकों को सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देने में समय बिताने का निर्देश दिया गया था, उन्हें सैनिक-राजदूत बनाया गया था। उन्होंने यह कोई संयोग नहीं है कि पिछले नौ साल आपके कार्यकाल के अनुरूप हैं। यह कई कारणों से गंभीर चिंता का विषय है। खरगे ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार की 'मार्केटिंग' के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया जा रहा है। यह केंद्रीय लोक सेवा (आचरण) नियम, 1964 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो निर्देश देता है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा।

**बीआरएस नेता कविता का प्रहार**

# तेलंगाना में भाजपा के लिए कोई जगह नहीं

**एजेंसी** | सोलापुर (महाराष्ट्र)

तेलंगाना में अगले महीने होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत राष्ट्र समिति( बीआरएस) एमएलसी और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटी के. कविता ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने दावा किया है कि तेलंगाना में इस बार भाजपा की सभी सीटों पर जमानत जब्त हो जाएगी। महाराष्ट्र के सोलापुर में कविता ने रविवार को कहा, पिछली बार तेलंगाना में 105 जगहों पर भाजपा की जमानत जब्त हो गई थी। इस बार सभी सीटों पर जमानत जब्त हो जाएगी। तेलंगाना में भाजपा के लिए कोई स्थान नहीं है इसलिए वह चुनाव के लिए कितनी भी रणनीति बना लें, कोई फायदा नहीं होगा। कविता ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा, तेलंगाना में लड़ाई एकतरफा है, बीआरएस की सरकार जनता के आशीर्वाद से जीतकर वापस आएगी क्योंकि पिछले 10 सालों में बीआरएस सरकार ने सभी के लिए काम किया है, चाहे किसान हों, महिलाएं हों, युवा हों, शिक्षा में, एससी-एसटी सशक्तीकरण के लिए।



### केसीआर तीसरी बार बनेंगे सीएम

कविता ने कहा, जिस तरीके का काम तेलंगाना में हुआ है, आज पूरे देशभर में तेलंगाना की मिसाल दी जाती है, हमें गर्व है हमने जिस तरीके के काम किए. ये काम भी हम इसलिए कर पाए क्योंकि जनता का पूरा-पूरा साथ हमारे पास था, उसी जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार, हैट्रिक करके हमारे लोगों के चहेते नेता वापस मुख्यमंत्री बनेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है। दक्षिण भारत के इतिहास में कभी भी लगातार तीन बार कोई सीएम नहीं बना है।

### कांग्रेस में गारंटी देने वाला कोई नेता नहीं

के कविता ने कांग्रेस पर भी हमला बोला. उन्होंने कहा, जो हम लगातार 10 साल से काम करते आ रहे हैं, उसी नाम बदल-बदलकर कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि छह गारंटी दे रही है। मैं तो ये पूछती हूं लेकिन कांग्रेस में यह छह गारंटी की गारंटी देने वाला कौन है? कोई नेता है ही नहीं जिसकी गारंटी हो।

**जद(एस) में नहीं थम रही कलह**

## मुझे प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाना गलत: इब्राहिम

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक में जनता दल सेकुलर (जेडीएस) के अपदस्थ अध्यक्ष सीएम इब्राहिम ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि वह तकनीकी और मानसिक रूप से अभी भी जनता दल (सेक्युलर) में हैं। वह अभी भी राज्य में पार्टी के प्रमुख हैं। उन्होंने पद से हटाए जाने की कार्रवाई को गलत करार दिया।

इब्राहिम ने ये भी कहा कि वह भविष्य की कार्रवाई पर फैसला करेंगे, जिसमें कानूनी लड़ाई भी शामिल है। बता दें कि 16 अक्टूबर के बयान के बाद उन्हें जेडीएस प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया।

इब्राहिम ने पार्टी प्रमुख के भाजप के साथ हाथ मिलाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। गौरतलब है कि कि देवेगौड़ा ने गुरुवार को पार्टी की कर्नाटक इकाई को भंग कर इब्राहिम को अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उन्होंने इब्राहिम की जगह पूर्व मुख्यमंत्री और अपने बेटे कुमारस्वामी को जेडीएस का तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त किया था।

## छत्तीसगढ़: कांग्रेस के सात और प्रत्याशी घोषित

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तीसरी सूची रविवार को जारी कर दी। इस सूची में सात नामों की घोषणा की गई है। कुल चार विधायकों का टिकट कटा है। इससे पहले दूसरी सूची में कांग्रेस ने 53 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया था और पहली सूची में 30 नामों की घोषणा की गई थी। तीसरी सूची के साथ पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं।

**छत्तीसगढ़:** सीएम भूपेश बघेल ने जताया भरोसा

# किसानों के दम पर कांग्रेस जीतेगी 75 से ज्यादा सीटें

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वार पलटवार जारी है। राज्य में सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियों कांग्रेस और भाजपाने लोगों से कई वादे किए हैं, लेकिन अभी तक दोनों ही पार्टियों ने अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया है।

इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा चुनाव में किसानों के वोट को निर्णायक बताया है। उनके समर्थन से कांग्रेस को 75 से अधिक सीटें हासिल करने में मदद मिलेगी। भूपेश बघेल ने घोषणा पत्र से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा ने यह नहीं बताया है कि वह जनता के लिए क्या करेगी, बस इतना कहा कि उल्टा लटका देंगे। सीएम बघेल ने भाजपा पर हमलावर अंदाज में कहा, आपकी (बीजेपी) नीयत ये है कि सरकार में आया जाए और छत्तीसगढ़ की सारी खदान और फैक्ट्रियों को अडाणी को सौंप दें।



### ओपीएस का नहीं पड़ेगा भार

राज्य में उनकी सरकार द्वारा लागू की गई पुरानी पेंशन योजना पर सीएम बघेल ने कहा, हम लोगों ने अध्ययन किया है कि 2060 तक राज्य सरकार पर कोई भार नहीं पड़ेगा। लेकिन केंद्र सरकार को हमारे 17000 करोड़ रुपए लौटाने होंगे।

### वादे पूरे करने का किया दावा

मुख्यमंत्री ने कहा, हमने पिछले पांच वर्षों में किसानों और तेंदूपत्ता संग्राहकों (तेंदूपत्तों का उपयोग बीड़ी बनाने के लिए किया जाता है) से किया गया वादा पूरा किया है। इसी तरह, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में काम किया गया है। इन सभी कार्यों से लोगों के जीवन में विशेष रूप से आर्थिक रूप से बदलाव आया है। उन्होंने कहा, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना सहित राज्य सरकार की कई योजनाओं ने लोगों के जीवन को बदल दिया है।

**मध्य प्रदेश की चुनाव डायरी**

# जहां नदी नहीं, वहां पर पुल बनाने का वादा कर रहे शिवराज: कमलनाथ

**एजेंसी** | भोपाल/ सिवनी

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चुनावी मौसम में घोषणाओं की झड़ी लगा चुके हैं और जहां पर कोई नदी नहीं है, वहां भी पुल बनाने का वादा कर रहे हैं।

सीएम शिवराज सिंह एक के बाद एक वादे कर रहे हैं और अब तक उन्होंने 22,000 से अधिक घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दिया है। कमलनाथ गोपालगंज में शिवनी से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद पंजवानी के समर्थन में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। पंजवानी का मुकाबला भाजपा विधायक दिनेश राय से है। कमलनाथ ने जनता से आनंद पंजवानी के समर्थन में वोट करने का अनुरोध किया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि शिवराज के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में अब '50 फीसद कमीशन' राज कायम है।



### कांग्रेस ने प्यार की नहीं, झूठ की दुकान खोली है: शिवराज



दूसरी ओर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस हर दिन झूठे वादे करती है, कांग्रेस ने प्यार की दुकान नहीं बल्कि झूठ की दुकान खोली है। मध्य प्रदेश की जनता उन पर भरोसा नहीं करेगी। मुझे समझ नहीं आता कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस किसकी है, सोनिया गांधी की कांग्रेस या मल्लिकार्जुन खरगे की? ऐसा लगता है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस कमलनाथ की कांग्रेस बन गयी है। वह सर्वे कर रहे हैं। वह टिकट बांट रहे हैं। जिस तरह महाराष्ट्र में शिवसेना दो हिस्सों में बंट गई, उसी तरह मध्य प्रदेश में कांग्रेस भी दो हिस्सों में बंट गई है। कमल नाथ ने तो 'इंडिया' गठबंधन को भी खत्म कर दिया। न तो गठबंधन का कोई भविष्य है और न ही कांग्रेस का कोई भविष्य है।

### भाजपा: न उम्र का बंधन रहा ना परिवारवाद का

भाजपा की ओर से शनिवार को जारी 92 उम्मीदवारों की पांचवीं सूची में पार्टी ने अपनी स्थापित परम्परा उम्र व परिवारवाद को धता बताते हुए कई टिकट दिए हैं। एक समय में उम्र की वजह से अपने दिग्गज नेता बाबूलाल गौर और सरताज सिंह को हटा दिया था। लेकिन इस बार पार्टी ने पुराने मंत्रियों और उनके बच्चों को चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी ने पूर्व वित्त मंत्री और 76 वर्षीय जयंत मलैया को दमोह से मैदान में उतारा है। वह यहां से छह बार विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राहुल सिंह लोधी से हार गए थे। वहीं, पूर्व शहरी प्रशासन मंत्री माया सिंह को ग्वालियर पूर्व सीट से टिकट दिया है। होशंगाबाद से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा को भी मैदान में उतारा गया है। जहां उनका मुकाबला अपने भाई कांग्रेस प्रत्याशी गिरिजा शंकर शर्मा से है। गिरिजा शंकर ने 2008 में भाजपा के टिकट पर इस सीट से जीत हासिल की थी। वहीं, पार्टी ने सतना से 81 वर्षीय पूर्व मंत्री नागेंद्र सिंह को भी मैदान में उतारा है। हालांकि उन्होंने 2003-2008 में यहां से जीत हासिल की थी। लेकिन 2018 में कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह ने उन्हें मामूली अंतर से हराया था। पार्टी ने मंत्री गौरी शंकर बिसेन की बेटी मौसमी बिसेन को बालाघाट से उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से उनके पिता सात बार से चुनाव जीत रहे हैं।

**जरूरी खबर**

## रक्षा मंत्री तवांग में सैनिकों के साथ मनाएंगे दशहरा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में एलएसी के नजदीक सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाएंगे। रक्षा सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री तवांग में शस्त्र पूजा भी करेंगे। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में सैनिकों के साथ दशहरा मनाने का सिंह का निर्णय ऐसे समय में आया है, जब भारत और चीन के बीच लगभग तीन साल से पूर्वी लद्दाख में गतिरोध जारी है। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री एलएसी पर जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा भी करेंगे। वह क्षेत्र में कुछ अग्रिम स्थानों का दौरा भी कर सकते हैं।


## गरबा खेलते दस लोगों की हार्ट अटैक से मौत

**अहमदाबाद।** आजकल हार्ट अटैक का जिस उम्र में इसका खतरा बढ़ा है, वो बेहद परेशान और हैरान करने वाला है। गुजरात में बीते 24 घंटे में गरबा खेलते हुए 10 लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो जाने की खबर है। गुजरात के कपड़वंज खेड़ा में रविवार को गरबा खेलते वक्त 17 साल का युवक वीर शाह अचानक बेहोश होकर गिर गया. उसको अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ऐसा ही कुछ बड़ौदा में 13 साल के लड़के के साथ भी हुआ। अहमदाबाद में 28 साल के युवक रवि पांचाल, वडोदरा के 55 साल के शंकर राणा भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनकी गरबा खेलते हुए हार्ट अटैक से मौत हुई है।
इस बीच, पिछले24 घंटे के भीतर 500 से अधिक एम्बुलेंस कॉल की गईं. इसके बाद से सरकार ने भी अलर्ट जारी किया है। सरकार ने इस तरह के आयोजनों के आयोजकों से सभी आवश्यक उपाय करने को भी कहा है।

## 'NIC सभी सांसदों के लॉगिन का विवरण जारी करे'

**नई दिल्ली।** 'संसद में प्रश्न पूछने के बदले धन लेने' के आरोपों का सामना कर रहीं टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को सभी सांसदों की लॉगिन पहुंच के बारे में विवरण जारी करना चाहिए और सत्यापित करना चाहिए कि क्या वे वहां प्रत्यक्ष रूप से मौजूद थे। अडाणी समूह पर हमला जारी रखते हुए मोइत्रा ने कोयला आयात के संबंध में कंपनी के खिलाफ आरोपों की सीबीआई से जांच कराए जाने की भी मांग की।

## भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव



*नई दिल्ली। मानेकशॉ सेंटर में यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव को रविवार को संबोधित करते विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह।*

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता हुई 'बहुत खराब'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण रविवार को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' दर्ज की गई। राजधानी में इस साल 17 मई के बाद पहली बार वायु गुणवत्ता का स्तर 'बहुत खराब' दर्ज किया गया है। निगरानी एजेंसियों ने यह जानकारी दी।राजधानी में पिछले 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई)रविवार को 313 पर पहुंच गया, जो शनिवार को 248 था। दिल्ली में 17 मई को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' दर्ज की गई थी। 17 मई को एक्यूआई 336 रहा था।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, फरीदाबाद में एक्यूआई 322, गाजियाबाद में 246, ग्रेटर नोएडा में 354, गुरुग्राम में 255 और नोएडा में 304 एक्यूआई दर्ज की गयी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में भी दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसकी वजह तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है।

### एक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री-कनाडा से रिश्ते कठिन दौर में

# हालात सुधरे तो वीजा सेवा की जा सकती है बहाल: जयशंकर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत और कनाडा में जारी राजनयिक तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और कनाडा के रिश्ते अभी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी जो समस्याएं हैं, वे कनाडा की नीतियों की वजह से हैं। यदि हम कनाडा में अपने राजनयिकों की सुरक्षा में प्रगति देखते हैं, तो हम वहां वीजा जारी करना फिर से शुरू करना चाहेंगे।

जयशंकर ने रविवार को नई दिल्ली में कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में यह बातें कहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, कुछ हफ्ते पहले भारत सरकार ने कनाडा में वीजा जारी करना बंद कर दिया था। इस तरह की सुवधिा को जारी रखना भारतीय राजनयिकों के लिए सुरक्षित नहीं था। इसलिए उनकी सुरक्षा को प्राथमकिता देते हुए वीजा जारी करने की सुवधिा को अस्थायी तौर पर रोकना पड़ा।



### हमारे आंतरिक मामलों में दे रहे थे दखल

जयशंकर ने कहा कि राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना वियना कन्वेंशन का सबसे बुनियादी पहलू है। इसको कनाडा में कई तरीकों से चुनौती दी गई है। वहां पर हमारे लोग सुरक्षित नहीं हैं। वियना कन्वेंशन में कूटनीतिक समानता भी बहुत अधिक प्रदान की गई है। हमने समानता का आह्वान किया है क्योंकि हमें कनाडाई कर्मियों द्वारा हमारे मामलों में लगातार हस्तक्षेप के बारे में चिंता थी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात अमेरिका और ब्रिटेन ने भारत में कनाडाई राजनयिकों को हटाने संबंधी फैसले पर चिंता जताई थी। दोनों देशों ने कहा कि भारत को वियना समझौते का पालन करना चाहिए। वहीं, भारत अपने रुख पर अडिग है।

### मध्य पूर्व का प्रभाव पूरी तरह से स्पष्ट नहीं

जयशंकर ने कहा कि मध्य aपूर्व में अभी जो हो रहा है उसका प्रभाव अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। उन्होंने ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को लंबे समय तक एक टूल की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, एकध्रुवीय दुनिया अब दूर का इतिहास है। अमेरिकी-रूस की द्विध्रुवीयता दुनिया और भी दूर है और मुझे नहीं लगता कि अमेरिकी-चीन वास्तव में बहुध्रुवीय विश्व में शामिल हो जाएंगे।

### क्षेत्रीय ताकतें हो रही हैं प्रभावशाली

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि अब बहुत सारे शक्तिशाली देश हैं,जो प्रभाव और ऑटोनॉमी एक्टिविटी के साथ-साथ अपने प्रभुत्व और निजता को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। प्रमुख क्षेत्रीय ताकतें अब अतीत की तुलना में इतनी प्रभावशाली होती जा रहे हैं कि वे वैश्विक खिलाड़ियों या बाहरी खिलाड़ियों को एंट्री करने की इजाजत नहीं दे रहीं। जयशंकर ने कहा कि पहले की तुलना में आज भारत की स्थिति काफी बेहतर है।यह दिखाने के लिए बहुत सारे सबूत हैं कि आज हम एक या दो या पांच दशक पहले की तुलना में कहीं बेहतर हैं।

### निज्जर की हत्या के बाद से जारी है तनाव

खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंट पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी देखी गई।

### मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी

## बंगाल की खाड़ी में कम तीव्रता के चक्रवात की आशंका

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव 24 अक्तूबर तक कम तीव्रता वाला चक्रवाती तूफान बन सकता है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि दबाव का क्षेत्र ओडिशा के पारादीप से करीब 610 किलोमीटर दक्षिण में केंद्रित है।

आईएमडी ने कहा, अगले 24 घंटों में इसके गहरे दबाव में बदलने की संभावना है। यह अगले 12 घंटों में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और फिर अगले तीन दिनों में बांग्लादेश-पश्चिम बंगाल के तटों की ओर बढ़ेगा। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा, चक्रवाती तूफान बनने की आशंका है, लेकिन यह बेहद कम तीव्रता का हो सकता है। ओडिशा पर इसका मामूली प्रभाव पड़ेगा, जिससे हल्की से मध्यम बारिश होगी। समुद्र में चक्रवात राज्य के तट से लगभग 200 किमी दूर बनने की आशंका है।

### मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी

दास ने कहा कि मछुआरों को 25 अक्तूबर तक समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है, क्योंकि हालात खराब रहेंगे। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने किसानों को 23 अक्तूबर तक धान की फसलों की कटाई करने के लिए आगाह किया है, क्योंकि तटीय ओडिशा के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गहरे समुद्र में मौजूद मछुआरों को तट पर लौटने की सलाह दी गई है। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) सत्यब्रत साहू ने कलेक्टरों को किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है, और उन्हें भारी बारिश की स्थिति में निचले इलाकों से लोगों को निकालने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### इजराइल- हमास में युद्ध...

## भारत ने फिलिस्तीन को भेजी मदद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने रविवार को फिलिस्तीन के लोगों के लिए दवाओं और चिकित्सा उपकरणों सहित 38 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी।

भारतीय वायु सेना का सी-17 परिवहन विमान राहत सामग्री लेकर मिस्र के अल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गया है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों ने गाजा की स्थिति को भयानक बताया है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर जबरदस्त हमले के बाद इजराइली सेना गाजा पर जवाबी हवाई हमले कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि राहत सामग्री फिलिस्तीन तक पहुंचाने के लिए मिस्र के रेड क्रिसेंट को सौंप दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता संबंधी सामान, जल शुद्धिकरण के लिए टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। इसके कुछ घंटे बाद बागची ने कहा कि मिस्र में भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने फिलिस्तीन भेजने के लिए राहत सामग्री मिस्र के रेड क्रिसेंट को सौंप दी।

## CJI को हार्वर्ड लॉ स्कूल ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ को हार्वर्ड लॉ स्कूल के 'सेंटर ऑन द लीगल प्रोफेशन' ने अवार्ड फॉर ग्लोबल लीडरशिप से सम्मानित किया है। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित समारोह में 11 जनवरी 2023 को प्रधान न्यायाधीश को यह सम्मान देने की घोषणा की गई थी।

## पूर्वावलोकन कार्यक्रम का शुभारंभ



*नई दिल्ली। आगामी भारत टेक्स 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के शनिवार को शुभारंभ के मौके पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व अन्य लोग।*

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा...

# लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सक्रिय कदम उठाने की जरूरत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाये जाने की तत्काल जरूरत है।



न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि न केवल सभी स्तरों पर लंबित मामलों के निपटारे के लिए सक्रिय कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है, बल्कि त्वरित न्याय चाहने वाले वादियों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सुनवाई टालने के लिए अपनाये जाने वाले तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सभी हितधारकों को आत्मनिरीक्षण करने की भी जरूरत है। न्यायाधीश एस. रवींद्र भट्ट और न्यायाधीश अरविंद कुमार की पीठ ने शुक्रवार को दिए गए आदेश में जिला और तालुका स्तर की सभी अदालतों को समन की तामील कराने, लिखित बयान दाखिल करने, दलीलों को पूरा करने, याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार या इनकार करने की रिकॉर्डिंग और मामलों के त्वरित निपटारे आदि के निर्देश दिए। न्यायालय ने कहा कि लोग न्याय की आस में अपने वाद दायर करते हैं, इसलिए सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी है कि न्याय मिलने में देरी के कारण इस प्रणाली में लोगों का विश्वास कम न हो। उसने कहा, न केवल सभी स्तरों पर लंबित मामलों को निपटारे के लिए सक्रिय कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है, बल्कि त्वरित न्याय चाहने वाले वादियों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सुनवाई टालने के जिम्मेदार तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सभी हितधारकों द्वारा आत्मनिरीक्षण करने की भी जरूरत है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इस बात पर गौर करना आवश्यक है कि भारत में लगभग छह प्रतिशत आबादी मुकदमेबाजी में उलझी हुई है, ऐसे में अदालतों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

**चिंता की बात**

### छह प्रतिशत आबादी उलझी है मुकदमेबाजी में

न्यायालय ने कहा कि इस बात पर गौर करना आवश्यक है कि भारत में लगभग छह प्रतिशत आबादी मुकदमेबाजी में उलझी हुई है, ऐसे में अदालतों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

**दिया यह अहम निर्देश**

### निगरानी के लिए हो समिति का गठन

पीठ ने पांच साल से अधिक समय से लंबित पुराने मामलों की लगातार निगरानी के लिए संबंधित राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों की ओर से समितियों के गठन का भी निर्देश दिया।

### देशभर की निचली अदालतों में 4.34 करोड़ मुकदमें लंबित

सभी राज्यों के निचली अदालतों में कुल 4.34 करोड़ केस लंबित हैं। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश में 1.09 करोड़ में पेंडिंग हैं, इसके बाद दूसरा स्थान महाराष्ट्र का है, जहां 49.34 लाख केस पेंडिंग हैं। आंकड़े बताते हैं कि निचली अदालतों में पेंडिंग 70 हजार 587 क्रिमिनल केस 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। वहीं, 36 हजार 223 सिविल केस 30 साल से ज्यादा वक्त से पेंडिंग हैं। निचली अदालतों में पांच साल या इससे ज्यादा समय से पेंडिंग मुकदमों की संख्या करीब साढ़े तीन करोड़ के आसपास है।

### उम्रकैद की सजा के लिए निर्णायक सबूत जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने नवजात बच्चे की हत्या के मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराई गई एक महिला को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उसका अपराध साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी को उम्रकैद की सजा सुनाने के लिए निर्णायक सबूत की आवश्यकता होती है। न्यायाधीश अभय एस ओका और न्यायाधीश संजय करोल की पीठ ने कहा, एक महिला पर बिना किसी उचित सबूत के बच्चे की हत्या करने का दोष मढ़ना सांस्कृतिक रूढ़ियों और लैंगिक पहचान को मजबूत करता है। अदालत ने कहा, निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। दुर्भाग्य से, नीचे की दोनों अदालतों द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण और अपनाई गई भाषा अपीलकर्ता के इस तरह के अधिकार को बर्बाद कर देती है।

## कन्याओं को कराया भोजन, जयपुराइट्स ने जमकर एंजॉय किया गरबा

# घरों में दुर्गा पूजन, बाहर डांडिया आयोजन

*बेधड़क.जयपुर। जयपुराइट्स ने अष्टमी को धार्मिक पर्व के रूप में मनाया। दुर्गा पूजा के आयोजनों के साथ ही गरबा और डांडिया नाइट की धूम रही। दोनों ही तरह के आयोजनों में हर उम्र के शहरवासी उत्साह से सम्मिलित हुए। वैशाली नगर, मालवीय नगर, जय क्लब आदि स्थानों पर मां की स्तुति और डांडिया का उत्साह देखा गया।*



### महिलाओं ने मनाई महाष्टमी

प्रवासी मैथिली महिलाओं ने महाष्टमी महोत्सव मनाया। मालवीय नगर में आयोजित उत्सव में पहले दुर्गा को सजाकर उनकी रोली, मोली और अक्षत से पूजा की गई। दूब, धान साबुत हल्दी, फूल, फल और द्रव्य से माता का अंचल भरा गया। सफेद कद्दू की बलि दी गई। इस अवसर पर सुधीरा झा और अंजू झा ने मां दुर्गा की आराधना की। मंच अध्यक्ष बबीता झा ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा को पाग और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। महासचिव आशा झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन निधि झा ने किया। आरूही मिश्रा, सौम्या ठाकुर, माणिका मिश्रा, संगीता चौधरी, आद्या झा, आड़ना झा, आदर्श मिश्रा, नीलेश मिश्रा, आरूही मिश्रा, तनु चौधरी ने नृत्य और गान प्रस्तुत किया।



### बच्चों ने दिखाया उत्साह

प्रोबासी बेंगाली कल्चरल सोसायटी की ओर से 5 दिवसीय शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में सप्तमी के दिन की शुरुआत कोलकाता से आए हुए ढाकी के ढाक के गूंज में मां दुर्गा की पूजा व आरती से हुई। इसके बाद में माता को पुष्पांजली अर्पित की गई। जय क्लब में दिन में बच्चों व बड़ों की खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। भोग प्रसादी वितरित किया गया, जिसमें भक्तों ने पंगत प्रसादी का आनन्द लिया। अध्यक्ष डॉ. एस के सरकार ने बताया, कि मां दुर्गा की संध्या आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों की विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता रही।

### जेकेजे महारास में गरबा, मिलाई डांडिया से ताल



**वैशाली नगर** के जानकी पैराडाइज में जेकेजे ज्वैलर्स डांडिया महारास-2023 का आयोजन किया गया। ट्रेडिशनल गुजराती ड्रेसेज में सजे-धजे युवक युवतियों का जोशीला अंदाज माहौल में 4 चांद लगाता दिखाई दिया। आरके इवेंट्स, जनपंगा की ओर से आयोजित जेकेजे ज्वैलर्स डांडिया महारास-2023 आयोजक पवन टांक ने बताया कि विशाल पांडाल में मां शेरावाली की महिमा के बाद रंगीन लाइटों की खूबसूरत रोशनी में युवक-युवतियां, महिलाएं और बच्चे गुजराती और राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेर रहे हैं। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बी. एल. सोनी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर महापौर सौम्या गुर्जर, होर्डिंग समिति चेयरमैन प्रवीण यादव, प्रदेश भाजपा वरिष्ठ नेता महेंद्र यादव, मुकेश यादव, क्रैडाई राजस्थान महासचिव रवींद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी जे. डी. माहेश्वरी, नामदेव समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग रूणवाल, एसीपी वैशाली नगर सुरेंद्र चौधरी, जेकेजे ज्वैलर्स चेयरमैन राजकुमार मौसूण, डायरेक्टर उपेन्द्र मौसूण, कैलाश मौसूण सहित अन्य उपस्थित रहे। अब 24 अक्टूबर तक रोजाना शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक डांडिया रास होगा।

### दशहरा महोत्सव का पोस्टर लॉन्च



**श्रीराम मंदिर** प्रन्यास व श्रीसनातन धर्म सभा की ओर से दशहरा महोत्सव जयपुर के आदर्श नगर दशहरा मैदान में मनाया जाएगा। इसके लिए पोस्टर विमोचन किया गया और पदाधिकारियों ने रूप रेखा बताई। सभा महामंत्री इंद्र कुमार चड्ढा ने बताया कि इस बार रावण का पुतला 105 फीट और कुंभकर्ण का पुतला 90 फीट का होगा। वहीं, अध्यक्ष शिवदत्त विरमानी ने बताया, कि 1956 से दशहरा महोत्सव मनाया जा रहा है और इस बार मुख्य अतिथि प्रताप सिंह खाचरियावास होंगे और अध्यक्षता रामचरण बोहरा करेंगे। संयोजक राजीव मनचंदा ने बताया कि रोशन मोटर्स की ओर से होने वाली आतिशबाजी में नियाग्रा फॉल जैसा नजारा होगा। आसमान में स्टार वॉर देखने को मिलेगा। उपाध्यक्ष अनिल खुराना ने बताया कि दोपहर तीन बजे श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा शुरू होगी। एकांकी भरत मिलाप की होगी। सह संयोजक रवि सचदेवा ने बताया कि शोभायात्रा राम मंदिर से पंचवटी सर्किल, राजापार्क चौराहा होती हुई दशहरा मैदान पहुंचेगी। दूसरी ओर आदर्श नगर में ही विशालकाय रावण और कुंभकर्ण के पुतले तैयार हो रहे हैं।

## परमहंस धाम आश्रम में गरबा



**बेधड़क. जयपुर।** सद्गुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति परमहंस धाम द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। समिति सचिव रमेश सैनी ने बताया कि संस्था सदस्य, मानव सेवादल व युवा टीम के बच्चों ने कार्यक्रम में गरबा व डांडिया नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। समिति प्रभारी महात्मा शाकम्भरी बाई जी व महात्मा रक्षितानन्द जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में समिति सदस्य, प्रेमीजन, मानव सेवादल व यूथ टीम सदस्यो सहित आमजन ने भोजन प्रसादी प्राप्त की।

## तीर्थंकरों का मनाया निर्वाणोत्सव

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बालयोगिनी आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर पुष्पदंत व 10वें तीर्थंकर शीतलनाथ भगवान का निर्वाणोत्सव मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह अभिषेक, शान्तिधारा व पूजन के बाद श्रावकों ने निर्वाण कांड का वाचन कर दोनों तीर्थंकरों के अर्घ्य बोलते हुए जयकारों के साथ श्रीफल संग भगवान का दो वेदियों पर अलग-अलग निर्वाण लाडू चढ़ाया। दोनों तीर्थंकर शाश्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर से मोक्ष गए थे। इससे पूर्व मानतुंगाचार्य की लिखित गाथा अर्थ सहित रमेश साखूनिया की ओर से समझाई गई। मंगलवार को आर्यिका विशेष मति माताजी का 16वां दीक्षा दिवस मनाया जाएगा, जिसमें साज-बाज के साथ 16 मंडलीय भक्तामर मण्डल विधान के साथ गुरु पूजन आदि कई कार्यक्रम होंगे।

## फूस बंगले में विराजे श्याम बाबा



**बेधड़क. जयपुर।** मां वैष्णो सेवा समिति के 18वे वार्षिक उत्सव एवं भजन संध्या में कोलकाता से आए हुए कारीगरों द्वारा बाबा श्याम व माता रानी का भव्य एवं अलौकिक दरबार पूस के बंगले में सजाया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल ने बताया भजन संध्या में केमिता राठौर ने जान लिया मेरा श्याम कहां पर रहता है, किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार और आओ कीर्तन माहि मैया जी तारा लाडला बुलावे संजय सेन ने बिना, लक्ष्मण के जग सूना सूना मुझे और जीने नहीं देगा मुरली वाले आज तेरी याद सताए, झूठी दुनिया से मां को हटा ले ध्यान मैया जी के चरणों में लगा ले....के साथ ही संजू शर्मा नीतू गुप्ता अमित नाम गोविंद मनोज शर्मा आदि कई कलाकारों ने रात भर भजनों पर भक्तों को झुमाते हुए नाच ने पर मजबूर कर दिया जिससे पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि विशाल भंडारे में हजारों की तादाद में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# City इवेंट्स

### डांडिया करने वालों को किया मोटिवेट



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर स्थित ऋषिकुल विजय स्कूल में डांडिया का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सराफ, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, पार्षद राम प्रसाद शर्मा, जय नायक, सुरेश अरोड़ा, खेम सिंह, राम अवतार शर्मा, शक्ति सिंह, वीरेंद्र कुमार व प्रवीण मेहता मौजूद रहे।

### जयपुर में चार पुस्तकों का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर काव्य साधक, शब्द संसार व समरस साहित्य संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम कवि किशोर पारीक किशोर व कवि साहित्यकार कल्याण गुर्जर 'कल्याण' की 4 पुस्तकों का साझा विमोचन कार्यक्रम हुआ। पुस्तकें क्रमशः मोह के धागे गीत संग्रह कवि किशोर पारीक किशोर इंतेहां हो गई, गजल संग्रह कवि कल्याण गुर्जर 'कल्याण' लौटेंगे। उजियार गीत संग्रह, महकते गुल कवि कल्याण गुर्जर 'कल्याण' प्रकाशित हुईं। मुख्य अतिथि महात्मा गांधी मेडिकल विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. सुधीर सचदेवा थे। अध्यक्षता वरिष्ठ शायर गीतकार लोकेश कुमार सिंह साहिल ने की। उदयपुर से आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' और भाषाविद राधा रमन शर्मा, गोपाल गुप्ता सचिव बृज भाषा अकादमी आदि विशिष्ट अतिथि रहे।

### बच्चों ने दिखाया उत्साह



**बेधड़क. जयपुर।** प्रोबासी बेंगाली कल्चरल सोसायटी की ओर से 5 दिवसीय शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में सप्तमी के दिन की शुरुआत कोलकाता से आए हुए ढाकी के ढाक के गूंज में मां दुर्गा की पूजा व आरती से हुई। इसके बाद में माता को पुष्पांजली अर्पित की गई। जय क्लब में दिन में बच्चों व बड़ों की खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। भोग प्रसादी वितरित किया गया, जिसमें भक्तों ने पंगत प्रसादी का आनन्द लिया। अध्यक्ष डॉ. एस के सरकार ने बताया, कि मां दुर्गा की संध्या आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों की विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता रही।

## कांग्रेगेशन थीम पर क्लोज्ड कन्वेंशन

# 1500 से ज्यादा आर्किटेक्चरल स्टूडेंट ने दिखाया अपना टैलेंट




**बेधड़क | जयपुर**

नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ आर्किटेक्चर (नासा) की ओर से कांग्रेगेशन थीम पर हो रहे क्लोज्ड कन्वेंशन में आर्किटेक्ट्स और नासा, नॉर्थ जोन के सदस्य संस्थानों से देशभर के 1500 से अधिक युवा जयपुर के मंच पर हैं। मौका है पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में आर्किटेक्चर क्षेत्र के मेगा इवेंट 66वां जोनल नासा कन्वेंशन का। सी. पी. कुकरेजा ग्रुप के मैनेजिंग एंड प्रिंसिपल आर्किटेक्ट दीक्षु कुकरेजा उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। वहीं ट्रिपलआईडी जयपुर चैयरमेन आर्किटेक्ट आशीष काला गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। इस अवसर पर कन्वेंशन कन्वीनर रितिका माहेश्वरी, नासा जोन वन के जोनल प्रेसीडेंट अब्दुल्लाह बेग, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी एफपीए डीन आर्किटेक्ट मंजरी राय, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी प्रेसीडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी, पूर्णिमा ग्रुप डायरेक्टर राहुल सिंघी और प्रो-प्रेसीडेंट डॉ. मनोज गुप्ता उपस्थित थे।

तीन दिवसीय कन्वेंशन में सेमीनार, वर्कशॉप, मास्टरक्लासेज, विजिट, एक्सपर्ट टॉक, पैनल डिस्कशन, लाइव डेमोंस्ट्रेशन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, गरबा नाइट, कॉमेडी शो और बैंड परफॉर्मेंस जैसी कई गतिविधियों में युवा हिस्सा लेंगे। गौरतलब है नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ आर्किटेक्चर (नासा) के साथ देश-विदेश के 2000 से अधिक इंस्टीट्यूट जुड़े हैं। नासा की ओर से इन संस्थानों के आर्किटेक्चरल स्टूडेंट्स को सेमीनार, वर्कशॉप, कॉम्पिटिशंस व अन्य इवेंट्स के जरिए सीखने व अपने टैलेंट को एक्सपोज करने का प्लेटफॉर्म दिया जाता है।

## प्रतिभा जैन की पुस्तक 'तुम खुश रहो' का विमोचन

# जीवन के बोझ को जीवन का बोध बना देती है पुस्तक




**बेधड़क | जयपुर**

लेखिका प्रतिभा जैन की अध्यात्म व मनोविज्ञान पर लिखी पुस्तक 'तुम खुश रहो' का लोकार्पण होटल शकुन में साहित्यिक संस्था 'शब्द समय' की ओर से किया गया। इस अवसर पर लेखिका प्रतिभा जैन ने कहा कि पुस्तक व्यक्ति को जीवन का बोझ से जीवन का बोध बना देने के बारे में है। पुस्तक की विशेषता है कि इसे कहीं से भी पढ़ा जा सकता है। पुस्तक मनुष्य के जीवन की राह को आसान बनाने के उद्देश्य से लिखी है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ मनो चिकित्सक डॉ. शिव गौतम ने कहा, कि पुस्तक का एक-एक पृष्ठ एक पुस्तक है। हर पृष्ठ एक मोती है और पुस्तक एक माला है, जिसे आप पढ़ भी सकते हैं और जप भी सकते हैं। लेखिका ने पुस्तक में जीवन की कला बताई है। यह आज के समय की एक जरूरी पुस्तक है, जिसे हर व्यक्ति को पढ़ाना चाहिए।

मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने कहा, कि कुछ किताबें ऐसी होती हैं, जिन्हें हम सहेज कर रखते हैं और उन्हें बार बार पढ़ना चाहते हैं। पुस्तक की सार्थकता तब है, जब वो आपके जीवन में बदलाव लेकर आए। इस लिहाज से यह किताब एक महत्वपूर्ण कृति है, जिसे पढ़ने के बाद आप पहले जैसे नहीं रहते बल्कि सकारात्मक बदलाव आ जाते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने कहा, कि दर्शन को इतने सहज व सरल शब्दों में वही व्यक्ति लिख सकता है जिसने खुद जीवन में गहन सरलता से जीवन जिया है। पुस्तक में जीवन के सूत्रों को सुभाषित की शैली में सरलता से लिखा गया है और सरलता से कहना ही सबसे बड़ी बात है।

**दशहरा नाट्य उत्सव** | जवाहर कला केंद्र में सीता हरण से लेकर लंका दहन तक के प्रसंगों का मंचन

# 'कोई न ऊंचा है, न नीचा है' से दिया समानता का संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

रावण का षड्यंत्र, जटायु का बलिदान, शबरी की श्रद्धा, राम सुग्रीव की मित्रता और समुद्र पार जाकर हनुमान द्वारा लंका दहन, प्रभावी संवादों को जयपुराइट्स ने देखा और समझा। मौका था जवाहर कला केन्द्र में आयोजित दशहरा नाट्य उत्सव में मंच पर सीता हरण से लेकर लंका दहन तक के प्रसंग मंचन का। सीता की चेतावनी से गूंजा आकाश राम से बैर लेने की सोचो भी मत, इसी में तुम्हारी भलाई है। सीता की सुंदरता का



बखान सुनकर अपने षड्यंत्र में मारीच को शामिल करने पहुंचे रावण को मारीच ने कुछ इस तरह चेताया। रावण ने एक ना सुनी और मारीच को स्वर्ण मृग बना भेज दिया। फिर ओ दुष्ट खड़ा रह खबरदार, स्वामी अब आने वाले हैं, जो धनुष तोड़कर लाए हैं वो ही मेरे रखवाले हैं शब्दों से रावण को चेतावनी दी।

### शबरी की श्रद्धा हुई स्वीकार

मार्ग में रावण का सामना जटायु से होता है। संगीत और नृत्य के संयोजन से रावण-जटायु युद्ध को आकर्षक तरीके से दर्शाया गया। सीता की खोज में निकले राम व लक्ष्मण जब जटायु के पास पहुंचते हैं तो वह मार्ग प्रशस्त करता है। जटायु के बताए मार्ग पर निकले रघुवंशियों ने शबरी के चखे हुए बेर खाकर उसकी श्रद्धा को स्वीकार किया। 'पृथ्वी पर कोई न ऊंचा है न कोई नीचा है, सब समान हैं संवादों से राम ने समाज को समानता का संदेश दिया। राम और हनुमान संवाद में भक्त और स्वामी के बीच के संबंध को स्थापित किया गया। वहीं सुग्रीव-बाली युद्ध की प्रस्तुति भी सजीव जान पड़ी। दूसरी ओर हनुमान सीता को तलाशने निकलते हैं। लंका पहुंचकर हनुमान सीता को प्रभु की दी निशानी दिखाते हैं। संगीत और प्रकाश का आकर्षक प्रयोग कर हनुमान के अशोक वाटिका उजाड़ने और लंका दहन का जीवंत चित्रण किया गया।



वृक्ष कभी इस बात पर व्यथित नहीं होता कि उसने कितने पुष्प खो दिए, वह सदैव नए फूलों के सृजन में व्यस्त रहता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल ने उड़ाई वेस्ट बैंक की अल अंसार मस्जिद

# हमास के आतंकियों का कमांड सेंटर ध्वस्त



**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल और हमास के बीच जारी जंग में अब तक 4,500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। रविवार को इजराइल की सेना ने वेस्ट बैंक में जेनिन की अल अंसार मस्जिद पर एयर स्ट्राइक कर दी।

इजराइली सेना का दावा है कि हमास ने इस मस्जिद को कमांड सेंटर बना रखा था। यहीं से वे हमले की प्लानिंग कर रहे थे और इजराइलियों को मार रहे थे।

बता दें कि इजराइल पर अब हमास के साथ हिजबुल्लाह भी टूट पड़ा है। लेबनान की तरफ से भी इजराइल पर हमले हो रहे हैं। हिजबुल्लाह का दावा है कि बीते



14 दिनों में उसके 14 सदस्य मारे जा चुके हैं। फिलिस्तीनी प्रशासन का कहना है कि मस्जिद पर हुए एयरस्ट्राइक में एक शख्स की मौत हुई है। हालांकि इजराइल का दावा है कि इसमें कई आतंकी मारे गए हैं। सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इजरायल ने वेस्ट बैंक में दूसरी बार हवाई हमला किया है।

### भारी मात्रा में गोला-बारूद होने का दावा

इजराइल का कहना है कि हमास, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकी संगठन ने इसे अपना अड्डा बना रखा था और यहीं से हमले की योजना बनाई जाती थी। इजराइली सेना ने हमले के बाद की तस्वीरें भी जारी कीं, जिसमें दावा किया गया है कि मस्जिद में भारी मात्र में गोला-बारूद और हथियार इकट्ठा किए गए थे। इसके अलावा मस्जिद में बंकर भी बने हुए थे। बता दें कि इस इलाके में इजराइल ने पहले भी हवाई हमला किया था। इस इलाके में बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी रहते हैं।

### कई फुटेज हुए वायरल

हमले के बाद सामने आई तस्वीरों के मुताबिक मस्जिद का बड़ा हिस्सा ढह गया। लोग मलबे को हटाने की कोशिश में लगे थे। बता दें कि हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा में जमकर तबाही की। फिलिस्तीनी प्रशासन का दावा है कि इजराय के हमले में 3400 से ज्यादा लोग मारे गए। यूएन की एजेंसियों ने गाजा में लोगों को मदद पहुंचानी शुरू कर दी है। एजिप्ट के रास्ते 20 ट्रकों को गाजा भेजने की अनुमति मिल गई है। गाजा में 40 फीसदी इमारतें नेस्तनाबूद हो गई हैं।

### पाकिस्तान में दनादन मारे जा रहे भारत के दुश्मन

# अब आतंकी दाऊद की हत्या

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने वाला पाकिस्तानी आतंकी दाऊद मलिक की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मलिक को लश्कर-ए-जब्बार का संस्थापक और भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी मौलाना मसूद अजहर का बायां माना जाता था। उसे पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में मार गिराया गया। पाकिस्तान पुलिस ने कहा कि शुक्रवार की सुबह उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के मिराली इलाके में अज्ञात नकाबपोश लोगों द्वारा हमले में वह मारा गया। मलिक को एक प्राइवेट क्लिनिक को निशाना बनाया गया। इस हत्या को अंजाम देने के बाद हमलावर भागने में सफल रहे। पिछले कुछ हफ्तों में भारत में वांटेड घोषित किए जा चुके कई आतंकियों को अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तान में गोली मार दी है। 11 अक्टूबर को भारत के सबसे वांटेड आतंकियों में से एक और 2016 के पठानकोट हमले में प्रमुख साजिशकर्ता शाहिद लतीफ को सियालकोट में अज्ञात बंदूकधारियों ने मार डाला था।

### मसूद अजहर का था करीबी



### शाहिद की भी हो चुकी हत्या

शाहिद लतीफ ने पठानकोट के आतंकियों को हथियार और अन्य मदद उपलब्ध करवाई थी। लतीफ को 1996 में भी ड्रग्स तस्करी मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह जैश का आतंकी था। मौलाना मसूद अजहर के आदेश पर उसने पठानकोट में हमले का प्लान बनाया था। साल 2010 में उसके साथ ही 20 अन्य आतंकियों को भी वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान को सौंपा गया था।

### पठानकोट के मास्टरमाइंड का भी मर्डर

हाल ही में मारा गया आतंकी राशिद लतीफ भारत में मोस्ट वॉन्टेड था। एनआईए ने उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया था। बता दें कि साल 2016 में जैश के आतंकियों ने पठानकोट के एयरबेस पर हमला कर दिया था। इसमें सात जवान शहीद हो गए थे। सियालकोट के बाहरी इलाके में एक मस्जिद में आतंकी शाहिद की हत्या हुई थी। हमलावर मोटरसाइकल पर आए थे और गोली मारने के बाद फरार हो गए।

### प्रतिशोध की राजनीति की इच्छा नहीं: शरीफ

**लाहौर।** स्वदेश लौटे पाक के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि उनकी इच्छा प्रतिशोध की राजनीति करने की नहीं है, बल्कि वह देश को मुश्किल आर्थिक हालात से निकालकर विकास की राह पर ले जाना चाहते हैं। रैली को संबोधित करते हुए शरीफ ने देश के खराब आर्थिक हालात पर अफसोस जताया और पाकिस्तान को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया।

### भारत में हंसी के पात्र हैं जस्टिन ट्रूडो

# कनाडाई PM के लेने लगे मजे

**एजेंसी** | ओटावा

भारत के साथ तनाव भरे रिश्तों को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने देश में लगातार घिर रहे हैं। अब अपने ही देश के नेता उनका मजाक बनाने लगे हैं। इसी क्रम में कंजर्वेटिव पार्टी ऑफ कनाडा के नेता पियरे पोइलीवरे ने भी ट्रूडो पर निशाना साधा है। विपक्ष के नेता के मुताबिक ट्रूडो भारत में हंसी के पात्र बन गए हैं। साथ ही उन्होंने भारत के साथ राजनयिक संबंध निभाने में नाकाम रहने को लेकर भी ट्रूडो पर सवाल उठाए हैं। इतना ही नहीं, कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमलों की भी उन्होंने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इ स



तरह के हमला करने वालों पर क्रिमिनल चार्जेज लगाए जाने चाहिए। पोलिवरे ने ये बातें नमस्ते रेडियो टोरंटो के साथ इंटरव्यू में कहीं। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी ट्रूडो का मजाक बनाया जा रहा है। साथ ही कहा कि वह अक्षम और गैर पेशेवर हैं।


### चीन की खतरनाक सबमरीन

# पनडुब्बी में लगी मिसाइलों से दहशत

- भारत-अमेरिका के लिए बड़ी चिंता की बात

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन एक खतरनाक स्टेल्थ सबमरीन बहुत तेजी से बना रहा है। इसकी तकनीक में उसे रूस से भरपूर मदद मिल रही है। यह न सिर्फ भारत, बल्कि अमेरिका समेत पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात है। दरअसल, ड्रैगन ने एक आधुनिक टाइप 096 बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन बना ली है। आज चीन विश्व स्तरीय परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां बना रहा है। अब चीन इन सबमरीन को स्टेल्थ बना रहा है यानी इसके प्रोपल्शन, सेंसर, हथियारों और गोता लगाते समय आवाज नहीं आएगी। जाहिर है, यह चुपके से हमला करने में सक्षम है।



### दुनिया के लिए बुरा सपना

नौसैनिक टेक्निकल इंटेलिजेंस एनालिस्ट क्रिस्टोफर कार्लसन कहते हैं कि टाइप 096 पनडुब्बियां अमेरिका और दुनिया के लिए बुरा सपना साबित होने वाली हैं। क्योंकि ये न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन हैं। इनके अंदर JL-3 SLBM मिसाइलें लगाई जाएंगी। चीन की JL-3 सबमरीन लॉन्च्ड बैलिस्टिक मिसाइल 2022 से चीन की नौसेना में तैनात है। इसमें तीन परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता है। यह पनडुब्बी से निकलने के बाद 10 से 12 हजार किलोमीटर तक मार कर सकती है।

### दशक के अंत तक चीन इन्हें नौसेना में करेगा शामिल

चीन जो सबमरीन्स बना रहा है उको खोजना, पहचानना या डिटेक्ट करना बेहद मुश्किल है। ये आसानी से राडार की पकड़ में नहीं आतीं। इसकी वजह से भारत, अमेरिका और अन्य देशों की चिंता बढ़ गई है। इसके बूते चीन समुद्र के अंदर कहीं अपना राज न बना ले। ऐसी उम्मीद है कि चीन इन पनडुब्बियों को इस दशक के अंत तक अपनी नौसेना के लिए समुद्र में तैनात कर देगा। इसमें जो मिसाइल लगाई जाएगी, उसकी ताकत का अंदाजा पूरी दुनिया को है।

### चीन की साउथ चाइना सी में कब्जा जमाने की कोशिश

# फिलीपीन के जहाज को मार दी टक्कर

**एजेंसी** | मनीला

साउथ चाइना सी पर कब्जा जमाने की कोशिश में चीन की एक बार फिर से दादागीरी सामने आई है। फिलीपीन के अधिकारियों ने कहा कि एक चीनी तट रक्षक बल के एक जहाज और उसके एक 'मिलिशिया' पोत ने रविवार को दक्षिण चीन सागर में एक विवादित तट पर उनके तटरक्षक जहाज और सेना की ओर से संचालित एक आपूर्ति नौका को दो अलग-अलग घटनाओं में टक्कर मार दी।

फिलीपीन ने चीन के इस कृत्य को 'खतरनाक, गैर-जिम्मेदाराना और अवैध' बताया है। फिलीपीन के लंबे समय से संधि सहयोगी इस मामले में अमेरिका भी तमतमा गया है और इन घटनाओं की निंदा की है। वहीं, फिलीपीन सरकार ने भी निंदा करते हुए इसे मनीला की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। चीनी तट रक्षक ने कहा कि फिलीपीन के जहाजों ने बार-बार रेडियो चेतावनियों के बावजूद बिना अनुमति के चीनी जल क्षेत्र में प्रवेश किया था। चीन ने विवाद के लिए फिलीपीन के जहाजों को दोषी ठहराया। चीनी तट रक्षक ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, "फिलीपीन पक्ष का व्यवहार समुद्र में विवाद से बचने के अंतरराष्ट्रीय नियमों का गंभीर उल्लंघन करता है और हमारे जहाजों की सुरक्षा को खतरे में डालता है।"







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl